फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -208, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 16

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 2

एक नजर

प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

नई दिल्ली। प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

अहमदाबाद। गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से बाल शोषण के लिए याचिकाकर्ता के ईमेल खाते को ब्लॉक करने को लेकर गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने गूगल ड्राइव पर अपनी एक तस्वीर अपलोड की थी जिसमें उसकी दादी उसे नहलाते हुए दिख रही हैं। यह तस्वीर तब की है जब वह दो साल का था। न्यायमूर्ति वैभवी डी नानावती की अदालत ने 15 मार्च को गूगल, केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे 26 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

अलवर। राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

रामपुर तिराहा कांड

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचारः आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शासन समेत जिले तक के शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। साथ ही यहां के पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों में तैनात कुछ अधिकारियों को लेकर भी शिकायतों पर जांच हो रही है। जल्द ही आयोग की टीम प्रदेश में दौरा करके मतदान से पहले निर्णय ले सकती है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम
- मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर एसडी इंटर कॉलेज आए एक शिक्षक की पुलिस के एक मुख्य आरक्षी ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को यहां बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी। शिक्षा विभाग की टीम में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे। कॉलेज का द्वार बंद होने के कारण टीम के सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय शिक्षक धर्मेंद्र और मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई तथा इसी दौरान चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से धर्मेंद्र को गोली मार दी। प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन ने दिया इस्तीफा

- पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी छोड़ा

हैदराबाद/पुडुचेरी। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया गया है। सौंदरराजन का इस्तीफा इन खबरों के बीच हुआ है कि वह तमिलनाडु से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। उन्होंने दक्षिण तमिलनाडु की थूथुकुडी सीट से 2019 का संसदीय चुनाव लड़ा था, लेकिन वह द्रमुक की कनीमोझी से हार गई थीं।

ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

राजस्थान में साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस पटरी से उतरी

- ट्रैक बाधित कई ट्रेनें रद और कई का मार्ग बदला

अजमेर। राजस्थान में अजमेर रेल मण्डल में अजमेर एवं मदार रेलवे स्टेशनों के मध्य मदार होम सिगनल के पास साबरमती-आगरा कैंट सवारी रेलगाड़ी रविवार देर रात पटरी से उतर गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12548, साबरमती-आगरा कैंट देर रात 01.04 बजे मदार में पटरी से उतर गई जिसमें उसका इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए, किसी के हताहत एवं घायल होने की सूचना नहीं हैं। इससे इस मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित हुआ। त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ट्रैक पर यातायात बहाल करने के लिए कार्य प्रारंभ किया और बाद में इस मार्ग पर रेल संचालन प्रारंभ कर दिया गया और गाड़ी संख्या 12548 को रवाना किया गया।अजमेर-मदार के मध्य ट्रैक बाधित होने के कारण रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। कुछ गाड़ियों को रद कर दिया गया जबकि कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया।

शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यपाल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगी शीर्ष कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। कोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और पी विल्सन की दलीलें सुनने के बाद शीघ्र सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध करने की उनकी गुहार स्वीकार की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सिंघवी से कहा कि वह मामले की शीघ्र सुनवाई से संबंधित ईमेल भेजें, हम इस पर गौर करेंगे। ज्ञातव्य है कि पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी गई थी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, लेकिन राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां

- 31 करोड़ रुपए है अटैच संपत्तियों की कीमत

लखनऊ। मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।

कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत ढही 7 लोगों की मौत, 4 अभी मलबे में दबे

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शहर के पश्चिमी इलाके में अजान मुल्ला लेन में बचाव अभियान में लगे अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कम से कम चार लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। उनमें से केवल एक के ही जीवित होने के संकेत हैं। कोलकाता के महापौर फिरहद हकीम ने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है जहां यह इमारत अवैध रूप से बनाई जा रही थी। हाकिम ने बताया कि इमारत के प्रवर्तक मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी,

मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

खेल डायरी

अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव

इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

पेरिस, एजेंसी। किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और

- हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करेंगे वापसी
- गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, अब मुंबई को उनसे होगी ऐसी ही उम्मीद

मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था। यह एक अजीब चोट थी और इसका मेरी पहले की चोट के साथ कोई लेना-देना नहीं था। मैं गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हुआ था। इस खिलाड़ी ने पहली बार बड़े मंच पर कप्तानी का दायित्व मिलने के बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनवाया। अब मुंबई को उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी।

मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।

विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी

बेंगलुरु, एजेंसी

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।

कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में



एफए कप

मैनचेस्टर, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट

- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी

बॉलीवुड हलचल

वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:30 बजे प्रसारित होता है।

सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान - पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्त्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

लोकसभा चुनाव: 18 जोन और 132 सेक्टर में बंटा जिला

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्रकारों को चुनाव तैयारियों की बताई रूपरेखा, प्रत्येक विधानसभा में तीन-तीन स्टेटिक टीमें लगाई गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव का ऐलान होने के साथ ही जिला प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने जनपद को 18 जोन व 132 सेक्टरों में बांट दिया है। प्रत्येक जोन में एक जोनल अधिकारी तैनात करने के साथ ही सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन उड़नदस्ते लगाए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन स्टेटिक टीमें भी लगाई गई हैं।

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सोमवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि आदर्श आचार संहित का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। नगर से लेकर गांव व मजरों में सार्वजनिक स्थलों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, पंपलेट आदि हटवा दिए गए हैं। चुनाव को निष्पक्ष व निर्भीक तरीके से कराना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चारों विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन उड़न दस्ते भी बनाए गए हैं, जो प्रचार सामग्री, वॉल पेंटिंग हटवाने के साथ ही राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। इनका काम आदर्श आचार संहित की निगरानी करना होगा। चुनाव के चलते सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे में किसी दल विशेष के पक्ष में मतदान या भ्रामक तरीके की अफवाह कतई न फैलाएं।

प्रेसवार्ता करते जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

1576 मतदेय स्थलों पर पड़ेंगे वोट

जिले की चारो विधानसभाओं में कुल 1139 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमे 1576 मतदेय स्थल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 1400 मतदेय स्थल ग्रामीण व 176 मतदेय स्थल शहारी क्षेत्रों में हैं। उन्होंने सभी एसडीएम को पोलिंग बूथों पर शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप दुरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि मतदान केंद्रों के आसपास भी किसी भी तरह का राजनीतिक प्रचार नहीं दिखना चाहिए।

अकबरपुर डिग्री कॉलेज में होगी मतों की गणना

चौथे व पांचवें चरण में मतदान के बाद 4 जून को अकबरपुर डिग्री कालेज में मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर पर्याप्त छाया, पेयजल आदि की व्यवस्था की जाएगी।

डीएम ने कहा कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग निषेध किया गया है। किसी भी जुलूस व रैली के लिए जगह, समय और रूट का निर्धारण पहले से करके पुलिस प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जनपद में निर्वाचन से संबंधित विभिन्न शिकायतों का निस्तारण करने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। लोग टोल फ्री नंबर 1950 पर शिकायत व सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

इसके साथ जनपद में डिस्ट्रिक कांट्रेक्ट सेंटर (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। जिला कांट्रेक्ट सेंटर के लैंडलाइन नंबर 05111-297056 तथा मोबाइल नंबर 8429679005, 7985388813 व 9450231268 पर भी संपर्क किया जा सकता है। एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए फोर्स की मांग की गई है। काफी फोर्स उपलब्ध भी हो गया है। अन्य की आमद जारी है। इस दौरान एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्त, एएसपी राजेश पांडेय, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे उड़नदस्ते
- टोल फ्री नंबर और डिस्ट्रिक कांट्रेक्ट सेंटर में करें शिकायत

मतदाताओं पर एक नजर

जिले की कुल जनसंख्या	2045155
जिले में कुल मतदाता	1350102
जिले में कुल पुरुष मतदाता	720466
जिले में कुल महिला मतदाता	629586
जिले में कुल तृतीय लिंग मतदाता	50
जिले में कुल दिव्यांग मतदाता	11155

लोकसभा चुनाव कराएंगे 6940 अधिकारी-कर्मचारी

जिले की चार लोकसभा सीटों में लगने वाली चारो विधानसभा सीटों पर चौथे व पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। मतदान को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कुल 6940 पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमे दस प्रतिशत रिजर्व कर्मी भी शामिल हैं।

कलेक्ट्रेट से जाएंगी पार्टियां

पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए माती स्थित कलेक्ट्रेट मैदान से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। जबकि मतदान पार्टियों की वापसी अकबरपुर महाविद्यालय में होगी।

राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

वीडियोग्राफी के साथ ही कार्रवाई करेगा उड़नदस्ता

कानपुर देहात। सोमवार को डीएम आलोक सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बैठक करते हुए कहा कि एफएसटी (उड़नदस्ता) टीम अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी। टीम द्वारा कोई भी कार्रवाई अंडर वीडियोग्राफी की जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराना होगा।

उन्होंने एडीएम वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि एफएसटी टीम की दिन में तीन बार लाइव लोकेशन ट्रैक करे। कोई भी राजनैतिक सभा धार्मिक स्थल के आस पास नहीं होगी। आयोग द्वारा निर्धारित मानक अनुसार प्रचार सामग्री ही राजनीतिक दल प्रयोग करेंगे, यह टीमें सुनिश्चित करेंगी। बैठक में एसपी बीबीटीएस मूर्ति ने भी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विभिन्न निर्देश दिए। इस मौके पर सभी एसडीएम, सीओ व एफएसटी टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

बूथ के 200 मीटर दायरे में नहीं खुलेंगे चुनाव कार्यालय

डीएम आलोक सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि कोई भी दल बूथ के दो सौ मीटर के दायरे में कार्यालय नहीं खोलेगा। बिना अनुमति के सभा, जुलूस, रैली का आयोजन नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि सभी दल व्यय सीमा के अंदर ही खर्च कर सकते हैं। यहां एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पाण्डेय, भाजपा से महेंद्र कटियार व अजय पाल, सपा से शेखू खान व डॉ. नरेंद्र सिंह, बसपा से सर्वेश कुमार, कम्युनिस्ट पार्टी व आप के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

विजेता टीम को ट्रॉफी देते जिला जज जय प्रकाश तिवारी, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

जुबिलेंट ज्यूडिशरी ने पुलिस पैंथर्स को 20 रनों से हराया

कानपुर देहात। माती स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित न्यायिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के बीच हुए क्रिकेट मैच में न्यायिक अधिकारियों की टीम जूबिलेंट ज्यूडिशरी ने पुलिस पैंथर्स को 20 रनों से हराकर जीत दर्ज की। जिला जज ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। कानपुर देहात क्रिकेट एसोसिएशन की और से माती स्पोर्ट्स स्टेडियम में न्यायिक अधिकारियों व पुलिस कर्मियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। न्यायालय की टीम जुबिलेंट ज्यूडिशरी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित पंद्रह ओवर में 120 रन बनाए। जवाब में पुलिस पैंथर्स की टीम 70 रन बनाकर 14 ओवर में सिमट गई। जुबिलेंट ज्यूडिशरी की ओर से आनंद ने 40 रन व कप्तान एडीजे रवि यादव ने 30 रन बनाने के साथ ही गेंदबाजी करते हुए 4 अहम विकेट लेकर अपनी टीम को जिताया। वहीं पुलिस पैंथर्स टीम के कप्तान पुलिस अधीक्षक बीजीटीएस मूर्ति ने अपनी टीम के लिए 16 रन बनाए। जिला जज जय प्रकाश तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी आनंद व रवि यादव को संयुक्त रूप से दी गई। इस मौके पर न्यायिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

जिनई बनीपारा के मेले में लगी दुकानों पर खरीदारी करतीं महिलाएं।

जिनई बनीपारा के मेले में लुभा रहीं लाठियां

रूरा। जिनई बनीपारा में होली पर्व तक चलने वाले परंपरागत मेले में इस दिनों खरीदारों की संख्या बढ़ने लगी है। लोग घरेलू सामानों की खरीदारी करने के साथ ही झूलों का लुफ्त उठा रहे हैं। वहीं इस बार मेले में लगी लाठियों की दुकानें किसान, पशुपालक व बुजुर्ग के अलावा युवाओं को खासा प्रभावित कर रही है। स्थिति यह है कि 50 रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये की लाठी खूब बिक रही है। महाशिवरात्रि से होली पर्व तक चलने वाला यह पारंपरिक मेला इस बार पूरे उत्साह पर है। मेले में घरेलू की हर छोटी-बड़ी काम की चीजों के अलावा किसानों की उपयोगी खुरपी, फावड़ा व अन्य मरम्मत का सामान के अलावा लकड़ी व लोहे का बड़ा से बड़ा सामान उपलब्ध है। खानपान की दुकानों के अलावा आइसक्रीम का लोग आनंद ले रहे हैं। मेले में इस बार करीब छह से ज्यादा लाठियों की दुकानें आई है। हर बार मंदी का दौर झेल रहे दुकानदार शिवनारायण, रामशरण, हबीब आदि लगातार बिक्री बढ़ने से बेहद खुश है।

सीएचसी गया वृद्ध सड़क किनारे तपड़ता मिला

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। जनपद की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का एक और अमानवीय चेहरा उजागर हुआ है। रूरा नहर पुल पर गंभीर घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस कर्मी ले गए, लेकिन सोमवार को वह सड़क किनारे कराहता मिला। सीएचसी चिकित्सक ने रजिस्टर में ब्योरा दर्ज होने का हवाला देकर इलाज करने व बिना बताए जाने की बात कही, लेकिन हैरत की बात यह है कि बुजुर्ग की चोटों पर एक भी पट्टी या इलाज का नामोनिशान तक नहीं है। मामला तूल पकड़ने पर सीएमओ के निर्देश पर घायल बुजुर्ग को ई-रिक्शा से सीएचसी ले जाया गया।

शासन की ओर से गंभीर घायल व मरीजों को एंबुलेंस से चंद मिनटों में अस्पताल ले जाकर इलाज का दावा किया जाता है, लेकिन कई बार जिम्मेदारों की लापरवाही गंभीर मरीजों की जान पर बन आती हैं। कुछ इसी तरह का कारनामा 108 एंबुलेंस कर्मियों व रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने किया। रविवार की शाम को रूरा नहर पुल पर करीब 62 वर्षीय एक वृद्ध सड़क किनारे पड़ा था। उसकी पीठ पर गंभीर घाव थे।

वृद्ध को कराहते देख स्थानीय ऑटो स्टैंड का काम देख रहे पवन चौहान ने 108 एंबुलेंस को कॉल कर मौके पर बुलाया। शाम करीब सात बजे पहुंची एंबुलेंस में दुकानदारों के सहयोग से वृद्ध को लिटाकर रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। सोमवार सुबह वृद्ध उसी जगह के पास सड़क किनारे फिर कराहते हुए मिला। वृद्ध ने लोगों को अपना नाम कालीचरण बताया। घायल वृद्ध व लोगों ने बताया कि रात में एंबुलेंस कर्मी उसे ले गए और कुछ दूर जाने के बाद अंधूरे में सड़क किनारे ही फेंक दिया। रूरा सीएचसी में रविवार शाम तैनात अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि वृद्ध को एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया था। जिसका ब्योरा रजिस्टर में दर्ज है। उन्होंने वृद्ध का इलाज भी किया था। वह बिना बताए चला गया था। जबकि सोमवार की सुबह मिले वृद्ध के शरीर पर मरहम-पट्टी व इलाज का नामोनिशान तक नहीं मिला। इस बावत डयूटी डॉक्टर गोलमोल जवाब देते नजर आए।

सड़क किनारे पड़ा घायल बुजुर्ग।

ई-रिक्शा से ले जाते अस्पताल कर्मी।

अपने ही जवाब से फंसे ड्यूटी डॉक्टर

रूरा नहर पुल पर गंभीर घायल के बिना इलाज उसी पहुंचने पर सीएचसी में डयूटी डॉक्टर अपने ही जवाबों में फंसते नजर आए। वृद्ध को रविवार शाम जब सीएचसी में लाया गया और उसकी मानसिक स्थिति भी काफी ठीक नहीं थी तो उसे भर्ती क्यों नहीं किया गया। अगर वृद्ध बिना बताए ही चला गया था तो इसकी सूचना विभाग के वरिष्ठ अफसरों व पुलिस को भी क्यों नहीं दी गई। जबकि सोमवार सुबह भी वृद्ध के घाव पर किसी तरह के इलाज का कोई निशान तक नहीं पाया गया।

> बुजुर्ग के पीठ पर घाव थे। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि बुजुर्ग को शनिवार शाम लाया गया था। उपचार के बाद वह बिना बताए चला गया। बुजुर्ग को जिला अस्पताल भेजने के निर्देश दिए गए थे। सोमवार को उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया है।
>
> -डॉ. एके सिंह, सीएमओ

लोकसभा चुनाव व त्योहारों के चलते धारा 144 लागू

कानपुर देहात। लोकसभा चुनाव व रमजान, होलिका दहन, गुड फ्राइडे, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी समेत अन्य त्योहारों के चलते डीएम आलोक सिंह ने जनपद में धारा-144 लागू की है। यह 15 मई तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना नहीं करेगा, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इससे मुक्त रहेंगी। साथ ही कोई भी व्यक्ति भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन, दीवार या अन्य स्थान पर पोस्टर, हैंडबिल नहीं चिपकाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव मतगणना स्थल परिसर से पांच सौ मीटर की परिधि में जीते हुए प्रत्याशियों द्वारा कोई जुलूस या कार्यक्रम का अयोजन नहीं किया जाएगा। अनुमति लेना जरूरी होगा।

43 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने एक युवक के पास 43 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार किया है।

अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि डिलौलिया बांगर में एक युवक परचून की दुकान में शराब बेच रहा था। बोरी की तलाशी ली गई तो दो पिपियों में 20-20 लीटर कच्ची शराब थी और तीन लीटर शराब पाउच की थी। पकड़े गए युवक ने अपना नाम सौरभ निषाद निवासी डिलौलिया बांगर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

रेप में 20 साल की कठोर सजा

संवाददाता, कानपुर देहात

- घाटमपुर क्षेत्र में साढ़े चार साल पहले हुई थी घटना

अमृत विचार। घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में करीब चार साल पहले एक गांव में खेत पर बकरी चरा रही नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए बीस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता के भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 6 अक्टूबर 2019 की शाम पांच बजे कक्षा छह में पढ़ने वाली उसकी दस वर्षीय बहन अपनी कुछ सहेलियों के साथ भट्ठे के पास बकरियां चराने गई थी। उसी समय वहां बाजरे के खेत में काम कर रहे गांव के रामचंद्र उर्फ मुन्नू ने उसकी बहन को बहाने से गट्ठा उठाने के लिए बुलाया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही विवेचना करते हुए आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज 13 पॉक्सो कोर्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। सोमवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए उसे बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दस हजार रुपये अर्थदंड अदा न करने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। आधी धनराशि पीड़िता को मिलेगी।

सिपाही के साढ़े छह लाख रुपये लेकर फरार

कानपुर। मां की बीमारी बताकर चमनगंज थाने की चौकी में तैनात सिपाही से उधार लिए गए लाखों रुपये लेकर एक युवक फरार हो गया। सिपाही ने चमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

चमनगंज में तैनात सिपाही आदर्श कुमार ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह चौकी दलेलपुरवा में 2020-21 में तैनात था उसी दौरान सलमान जहीर उर्फ शादाब को मां के इलाज के लिए 25000, 25000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किया। इसके बाद और रुपयों की जरूरत पर अपने बैंक अकाउंट से पर्सनल लोन कराके शादाब को कुल 6,90,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किया। बाद में शादाब ने 28,000 रुपये वापस किए। उसके बाद रुपये देने से आनाकानी करने लगा। बाद में अचानक गायब हो गया। घरवालों ने बताया कि वह पता नहीं कहां चला गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अनदेखी

संदलपुर और डेरापुर विकास खंड क्षेत्र के कई गांवों में शौचालय नहीं होने से खुले में शौच के लिए जाते लोग

अधूरे शौचालय, फिर भी ओडीएफ हो गए गांव

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत खुले में शौच मुक्त योजना क्षेत्र में औंधे मुंह दिखाई दे रही हैं। हालत यह है कि संदलपुर व डेरापुर ब्लाक की कई ग्राम पंचायतों में पूरी किस्त न मिलने से शौचालय अधूरे बने हैं। जहां बने भी हैं तो उनमे लकड़ी, कंडा आदि भरा रहता है। जिससे शौचालय उपयोगहीन साबित हो रहे हैं।

शासन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शौचालय विहीन परिवारों को शौचालय बनवाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। जिसके तहत लाभार्थी को दो किस्तों में धनराशि दी जाती है। जनपद के अधिकांश गांवों को ओडीएफ भी घोषित किया जा चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। कहने के लिए लाभार्थी को धनराशि तो दे दी जाती है, लेकिन कई बार शौचालय का पूरा निर्माण नहीं कराया जाता है।

वहीं कई बार तो विभाग से ही एक किस्त देकर जिम्मेदार मुंह मोड़ लेते हैं। जिसके चलते शौचालय का निर्माण अधर में लटका रहता हैं। जबकि कई ऐसे जरूरतमंद भी हैं जिन्होंने शौचालय बनवाने के लिए आवेदन तो किया, लेकिन उन्हें किस्त के नाम पर एक भी रुपया नहीं मिला। जिसके चलते शौचालय विहीन परिवार खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होते हैं।

कुछ इसी तरह का नजारा संदलपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत फरीदपुर निठर्रा, हवासपुर व डेरापुर ब्लाक के सरगांव बुजुर्ग गांव में देखा जा सकता हैं। यहां कई शौचालय बिना दरवाजे व छत के ही बने हैं। जबकि कई शौचालयों के गड्ढे खुले पड़े हैं।

लोगों का कहना है कि विभाग से शौचालय बनवाने के लिए पूरी किस्त नहीं मिली है। जिसके चलते निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। वहीं खुले में शौच जाने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बावत बीडीओ डेरापुर शिव गोविंद पटेल ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं आया है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ संदलपुर देवेंद्र वर्मा से संपर्क नहीं हो सका है।

फरीदपुर निठर्रा गांव में अधूरा बना शौचालय। अमृत विचार

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

हाईवे किनारे स्थित 100 प्रतिष्ठानों को नोटिस

सड़क हादसे रोकने के लिए लेनी होगी एक्सेस परमीशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर-अलीगढ़ हाईवे के किनारे बिना एक्सेस परमीशन संचालित हो रहे पेट्रोल पंप, स्कूल, फैक्ट्री, कारखानों व अस्पतालों के खिलाफ एनएचएआई ने एक्शन लिया है। एनएचएआई ने एक्सेस परमीशन न लेने पर कानपुर नगर में 40 व कन्नौज में 60 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी की है। एनएचएआई ने नोटिस की जानकारी मंडलायुक्त को दी है। अब हाईवे किनारे अवैध रास्तों को बंद किया जाएगा। यह एक्शन हाईवे पर होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए लिया गया है।

कानपुर-अलीगढ़ हाईवे किनारे स्थित फैक्ट्रियों, पेट्रोल पंप, स्कूल, ढाबे, अस्पताल आदि के वाहनों के हाईवे पर आने-जाने के लिए कोई रास्ता नहीं दिया गया है। इनके वाहन सीधे हाईवे पर आ जाते हैं, जबकि नियम यह है कि हाईवे से कुछ जगह छोड़कर कट या सर्विस लेन से ही वाहन हाईवे पर जाएं। एकाएक वाहन सीधे हाईवे पर आने से अक्सर हादसे होते हैं। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने हाईवे किनारे सभी अवैध कटों को बंद कर प्रतिष्ठानों को एक्सेस परमीशन लेने के निर्देश दिए थे। एनएचएआई ने बिल्हौर, चौबेपुर में हाईवे किनारे करीब 40 व कन्नौज में 60 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को एक्सेस परमीशन के लिए नोटिस जारी किया।

> हाईवे किनारे स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान बिना एक्सेस परमीशन के चल रहे हैं, जो अवैध कटों से रास्ता बनाकर हाईवे पर आवागमन करते हैं। बिना एक्सेस परमीशन वाले 100 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अवैध कटों को बंद कराया जा रहा है।
>
> **प्रशांत दुबे, परियोजना निदेशक, एनएचएआई**

40 प्रतिष्ठान हैं कानपुर नगर जिले के

60 प्रतिष्ठान हैं कन्नौज जिले के

- ढाई लाख रुपये 15 साल के लिए देना होगा शुल्क

क्या होती है एक्सेस परमीशन

- दरअसल हाईवे किनारे कोई भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान होने पर या निर्माण कराने पर एनएचएआई से एक्सेस परमीशन के लिए अनुमति लेनी होती है, जिसके लिए करीब 10 से 15 हजार रुपये फाइल प्रोसेस के साथ 15 साल के लिए ढाई लाख का शुल्क जमा करना होता है। इसके बाद एनएचएआई उन्हें हाईवे पर आने-जाने के लिए रास्ता देने का नक्शा बनाकर देता है। इसके साथ ही सर्विस लेन से आने जाने और हाईवे से संपर्क कराने का नक्शा भी बना कर देता है, जिससे हाईवे पर आने-जाने में किसी तरह का खतरा नहीं होता है।

डॉक्टर की सलाह पर ही खाएं आयुर्वेदिक दवाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोशल मीडिया पर पौरुष शक्ति बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, सेक्स पॉवर बढ़ाने आदि के नाम पर आयुर्वेद दवाओं की बाढ़ आई हुई है। इनमें तमाम दवाएं घटिया और मानक के विपरीत हैं। नकली भी पाई गई हैं। ऐसी दवाओं के संबंध में आयुर्वेद एवं यूनानी औषधि टीम ने कार्रवाई की तैयारी की है। आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन बिना डॉक्टर की सलाह पर बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

कई मेडिकल स्टोर संचालक इन दवाओं की बिक्री धड़ल्ले कर रहे हैं। आयुर्वेद एवं यूनानी औषधि के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ.बृजेश सिंह कटियार ने ऐसी दवाओं की बिक्री करने और बनाने वाली कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई करने के संबंध में मंगलवार को अपर सचिव से वार्ता की जाएगी। उनको दवाओं की जानकारी देकर उन्हें प्रतिबंध करने की अनुमति ली जाएगी। दवाओं के संबंध में टीम के साथ कानपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेंटरों और मेडिकल स्टोरों में चेकिंग की गई है। इन जगहों से टीम ने कुछ आयुर्वेदिक दवाओं की जांच के लिए नमूने लिए और उनको लखनऊ स्थित राजकीय विश्लेषक औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा है। बताया कि कुछ कंपनियां आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथिक दवा का मिश्रण कर उनकी बिक्री कर रहे हैं। यह मिश्रण ही लोगों के लिए काफी नुकसान देह है। ऐसे में दवाओं का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही जरूरी है।

- बाजार में बिक रहीं नकली दवाएं भी, सावधान रहें
- अपर सचिव से संबंधित अधिकारी करेंगे वार्ता

ये दवाएं हुईं प्रतिबंधित

- डॉ.बृजेश सिंह कटियार ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के देव फार्मेसी की पौरुष जीवन कैप्सूल, इंदौर की मेडविन फार्माटेक की गुड हेल्थ कैप्सूल और उज्जैन की कंपनी सिमको आर्गेनिक की गुड हेल्थ कैप्सूल अधोमानक पाई गई थीं। जांच में स्टेराइड व कार्टिको स्टेराइड की मात्रा मिली, जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। इसलिए तीनों कंपनी की दवाओं को पूरे उत्तर प्रदेश में प्रतिबंध कर दिया गया है।

हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

खांसी-जुकाम से गला चोक, पेट दर्द भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण खांसी व जुकाम से जहां अभी तक लोगों का गला चोक हो रहा था। वहीं, इस वजह से पेट में दर्द के साथ दस्त व उल्टी की भी समस्या होने लगी है। इसके साथ ही सिर व शरीर में भी दर्द बना हुआ है।

हैलट की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में सोमवार को पांच सौ से अधिक मरीज इलाज कराने को पहुंचे। इनमें से अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, वायरल बुखार, गले में दर्द, आवाज में बदलाव, शरीर में कमजोरी, सिर व पेट दर्द के रहे। इनमें से 40 फीसदी मरीजों का बीपी भी बढ़ा हुआ मिला। मेडिसिन विभाग के प्रो. जेएस कुशवाहा ने बताया कि दिन में हो रही गर्मी व रात को हो रही हल्की ठंड की वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। गले में संक्रमण व वायरल बुखार के मरीज ओपीडी में अधिक आ रहे हैं। खांसी आने के साथ गला छिल जाने जैसी समस्या मरीज बता रहे हैं। बचाव के लिए ऐसे में अचानक से गर्म कपड़े पहना नहीं छोड़ना चाहिए और कूलर व एसी का इस्तेमाल नहीं करना है। ठंडे पानी का सेवन तो अभी बिल्कुल न करे।

- हैलट अस्पताल की ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे मरीज
- मौसम में हो रहे बदलाव के कारण लोग हो रहे वायरल से ग्रस्त

एक नजर

रात से युवती लापता, पुलिस ने शुरू की तलाश

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर पिलख निवासी राम प्रकाश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि रविवार की रात उसकी पुत्री प्रिया शुक्ला (19) घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बावत भी उसकी कहीं पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामले में युवती की तलाश शुरू की है।

आग से झुलसकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी गंभीर घायल

राजपुर। संदिग्ध हालत में ट्रांसपोर्ट कारोबारी गंभीर रूप से घर में आग से झुलस गया। कन्हैया नगर निवासी विद्यासागर उर्फ शीलू (40) ट्रांसपोर्ट का कारोबार करते हैं। सोमवार को घर में कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में वह आग की चपेट में आ गए। चीख पुकार सुनकर पत्नी रश्मि ने पड़ोसियों की मदद से कमरे में आग बुझाई और झुलसे विद्यासागर को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर शिवकुमार ने उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने आग से झुलसने के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि घटना में छानबीन की जा रही है।

मंगलपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन जोरों पर

मंगलपुर। थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन जिम्मेदारों की मिलीभगत से जोरों पर चल रहा है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के अंतापुरी इंटर कॉलेज से सबलपुर गांव के पास खनन माफिया मिट्टी खनन का काम जोरों पर कर रहे हैं। मिट्टी को जेसीबी से खोद कर ट्रैक्टर ट्रॉली के जरिये गावों में अच्छे दामों पर बेची जा रही है। ऐसे में विभाग को राजस्व का भी चूना लग रहा हैं। अंतापुरी इंटर कॉलेज से सबलपुर गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर बंजर भूमि में दिन-रात खनन होता रहता है। वहीं ओवरलोड ट्रैक्टरों के आवागमन से गांव की सड़कें भी खराब हो रही हैं। मंगलपुर थाना पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

रूह की ताजगी और जिस्म का इम्तिहान है रोजा

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। रोजा रुह की ताजगी और जिस्म का इम्तिहान हैं। अल्लाह अपने नेक बंदों से रोजे की आजमाइश लेता है। खुशनसीब हैं वह जो रमजान के महीने में इबादत कर रोजा रहकर अपने गुनाहों की माफ़ी मांग रहे हैं। यह बात सोमवार को राजपुर कस्बे के मौलाना मोहम्मद तारिक कासमी ने रमजान की फजीलत बयां कर बताई।

मुकद्दस रमजान में रोजेदार पूरी शिद्दत के साथ खुदा की इबादत में जुटे हैं। रोजेदार नमाज के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त कुरान पाक की तिलावत में गुजार रहे हैं। नौजवान और बच्चे मस्जिदों और बीमार व बुजुर्ग लोगों का घरों में ही तरावीह का सिलसिला जारी है। सहरी और इफ्तार में रोजेदार महिलाएं घरों में पकवान में लजीज व्यंजन तैयार कर रही हैं। मुसाफिर और गरीब मजलूमों के लिए इफ्तार के इंतजाम मस्जिदों में भी किए जा रहे हैं।

सोमवार को राजपुर, सट्टी, अफसरिया, जल्लापुर, रमऊ, अमरौधा समेत क्षेत्र की सभी मस्जिदों में रोजेदारों ने नमाज अदा की। इस दौरान कौम की हिफाजत, मुल्क की सलामती और खुशहाली की दुआ मांगी गई। मुस्लिम इलाकों की मस्जिदें नमाजियों से भरी नजर आई। मस्जिदों में उलमाओं ने रमजान की फजीलत बयां की। रमजान के पहले अशरे की तफ्सील बताई गई। मौलाना मोहम्मद तारिक कासमी ने बताया कि रमजानुल मुबारक बरकत, फजीलतो और बेशुमार रहमतों का महीना है।

रोजा इफ्तार करते रोजेदार। अमृत विचार

इफ्तार में शामिल होंगे केरल के हाजी शिहाब खुसूसी

रसूलाबाद। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान द्वारा मंगलवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केरल के हाजी शिहाब खुसूसी मेहमान के रूप में आ रहे हैं। बता दें कि विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी कस्बे में सपा नेता हाजी फैजान खान द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इस बार रोजा इफ्तार में पैदल हज यात्रा पूरी करने वाले केरल के शिहाब को मुख्य अतिथि बनाया गया है। गौरतलब हो कि शिहाब ने एक साल पांच दिन यानी लगभग 370 दिन में यात्रा पूरी की थी और पैदल मक्का पहुंचे थे। वह पाकिस्तान, ईरान, इराक, कुवैत होते हुए सऊदी अरब पहुंचे। केरल के मलप्पुरम जिले के वलनचेरी में रहने वाले शिहाब छोटूर 2022 को अपने घर से निकले थे।

बीस लीटर शराब समेत गिरफ्तार

मूसानगर। पुलिस ने एक आरोपी के पास से बीस लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रंजीत सिंह ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब लिए खिरियनपुरवा तिराहे पर खड़ा है। मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति हाथ में पिपिया लिए था। वह पुलिस को देखकर भागने लगा। तभी उसे दौड़ाकर पकड़ गया। तलाशी लेने में पिपिया से बीस लीटर कच्ची शराब मिली। आरोपी ने अपना नाम रामदास निवासी बमौरी खुर्द थाना चुरखी जिला जालौन व वर्तमान पता श्याम जानकी धर्मकांटा थाना मूसानगर बताया। एसओ दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की गई जान

मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, शिवली

अमृत विचार। मजदूर से मिलने गया अधेड़ घर की छत से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ज्योति गांव निवासी रामप्रकाश विश्वकर्मा (53) कस्बा शिवली के शिवाजी नगर मोहल्ला में अवधेश उर्फ लाला के घर में काम कर रहे किसी मजदूर से मिलने गया था। इसी बीच वह छत पर चला गया और पास से निकली हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीण उसे गंभीर हालत में सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने रामप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी पर मृतक की पत्नी राजेंद्री, लड़के अंकित, गोरे, आमद बिहारी, पुत्री बेबी, नेहा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की सूचना पर काननूगो नंदकिशोर, लेखपाल नितिन बाजपेई, कामता प्रसाद मिश्र भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन की।

बारा टोल प्लाजा में 15 अप्रैल से बढ़ेंगी दरें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। बारा टोल प्लाजा से होकर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को 15 अप्रैल की रात से जेब और ढीली करनी होगी। क्योंकि टोल की दरें रात बारह बजे से बढ़ जाएंगी। फिलहाल टोल प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कानपुर-इटावा हाईवे के बारा गांव के पास बना टोल प्लाजा आसपास जिलों में सबसे महंगा टैक्स वसूलता है। अब एक अप्रैल से इस टोल की दरें फिर से बढ़ाई जानी है। इससे इस रूट से आने-जाने वाले लोगों पर आर्थिक बोझ और बढ़ जाएगा। कानपुर-इटावा मार्ग पर इटावा, औरैया, कानपुर, लखनऊ के साथ ही झांसी हाईवे से जुड़े आसपास के जिलों के लोगों का आवागमन रहता है। प्रतिदिन 30 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन निकलते हैं। टोल की नई दरें वाहन सवारों को 15 अप्रैल रात 12 बजे से देनी होंगी। मासिक पास में भी इजाफा होगा। इस बावत बारा टोल के डीजीएम मनोज शर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल की रात बारह बजे से टोल शुल्क में बढ़ोतरी की जानी है। इसके लिए तैयारी चल रही है।

- कानपुर-इटावा और कानपुर-झांसी हाईवे से हर रोज गुजरते हजारों वाहन

चोर को दबोचा, रूरा पुलिस ने छोड़ा

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। बनीपारा जिनई के मेले में चोरी करने वाले आरोपी को दुकानदारों ने पकड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया था, लेकिन रूरा पुलिस ने उसे छोड़ दिया। हल्का इंचार्ज किसानों का विवाद बता मामला रफा-दफा करने में जुट गए, लेकिन डायल 112 पुलिस की कार्रवाई ने उनके दावों की पोल खोलकर रख दी।

बता दें कि करीब एक हफ्ते पहले रूरा थाना क्षेत्र के रोशनमऊ व सिमरामऊ गांव के मंदिरों में घंटो की चोरी हुई थी। वहीं बचीतपुरवा में सीआरपीएफ जवान के घर लाखों की चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में लोग काफी सतर्कता बरत रहे हैं। बनीपारा जिनई में लगे मेले की दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आशीष निवासी बंशीनिवादा को दुकानदारों ने रविवार को पकड़ कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया था। डायल 112 पुलिस उसे रूरा थाना ले गई थी, लेकिन बिना कार्रवाई उसे सोमवार को छोड़ दिया गया। वहीं हल्का इंचार्ज अतेंद्र कुमार ने बताया कि मामला दो किसानों के बीच भैंस जाने को लेकर विवाद हुआ था। चोरी का मामला नहीं था। जबकि डायल 112 पुलिस की कागजी कार्रवाई में आरोपी आशीष निवासी बंशीनिवादा को 27 हजार रुपये की लाठी के बंडल चोरी करने का स्पष्ट जिक्र किया गया है।



डायल 112 पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये।

शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली
पता- 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHANU था अब मने बदलकर अपना नाम IMRAN HUSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MRAN HUSAIN S/O: LAIQ HUSAIN, R/O: MEHNDI GANJ KARBALA, BAZAR KHALA, LUCKNOW

दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन – divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो–9919486606

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो–9793367812

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BASDEV PRAJAPATI था अब मैने बदलकर अपना नाम BASDEV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BASDEV S/O:HARIPAL R/O: CHANDIPUR KHURD, AMBEDKAR NAGAR

अदालती सूचना

जयराम द्वारा अधिकृत लाल सिंह
बनाम
श्री प्रमोद कुमार पांडे
निवासी मकान संख्या 435, नानकारी, कल्याणपुर लगातार मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में
प्रत्येक तारीखों में गैर हाजिर रहे हैं इस बाबत कई बार समन भी कोर्ट की ओर से भेजा गया लेकिन उपरोक्त प्रतिवादी हाजिर नहीं हुए। आपको ज्ञात करा दें मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में दिनांक 19/03/ 2024 दिन मंगलवार को आपकी पत्रावली जयराम बनाम प्रमोद कुमार पांडे विचाराधीन है। नियत तारीख पर आप प्रमोद कुमार पांडे पुत्र ऊदन उर्फ श्यामलाल पांडे समय 12 बजे उपस्थित हों।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी–549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

दिखाई प्रतिभा | झींझक बीआरसी में ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

क्विज प्रतियोगिता में शिवानी और गोविंद ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड झींझक की बीआरसी में बीईओ के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत स्तर के विजेता 79 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

सेमवार को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संविलियन विद्यालय झींझक की शिवानी सिंह व खम्हैला के गोविंद मिश्रा संयुक्त रूप से प्रथम घोषित किए गए। वहीं द्वितीय स्थान सुनाथा की कृष्णा यादव ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर चिरखिरी की साक्षी, करियाझाला की तान्या व अमौली ठाकुरान के अंश कुशवाहा रहे।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश द्विवेदी ने नन्हें वैज्ञानिकों का उत्साह वर्धन करते हुए जिला स्तर की प्रतियोगिता की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के एसआरजी अनंत त्रिवेदी ने कहा कि विज्ञान के विभिन्न आविष्कारों ने हमारे दैनिक जीवन को आसान बना दिया है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने आज अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया है।

इस दौरान 14 बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए। वही प्रदर्शनी में विज्ञान के अच्छे माडल निर्माण एवं प्रस्तुति करण पर 6 बच्चों को पारितोषिक दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंत्री गोपाल मिश्रा, दीवान सिंह चौहान, अनिरुद्ध सिंह, विवेक गुप्ता, मंजीत सिंह, महेंद्र सिंह, प्रदीप कटियार, निर्मल कुमार, अमरजीत, शोभा शुक्ला, मान दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

इसी तरह विकास खंड सरवनखेड़ा के बीआरसी में उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों की क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान 63 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के कुल 378 बच्चों ने प्रथम चरण की क्विज प्रतियोगिता में बीआरसी सरवनखेड़ा मे प्रतिभाग किया। बच्चों को विज्ञान व गणित के बहुविकल्पीय प्रश्न पर आधारित प्रश्न दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारीअजीत प्रताप सिंह, डॉ. प्राची शर्मा डायट प्रवक्ता, रुचिर मिश्रा ने प्रश्न पत्र का निर्माण कर परीक्षा को पूर्ण कराया। बीईओ अजीत प्रताप सिहं व डॉ प्राची शर्मा ने जनपद स्तर पर चयनित दस छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो व नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर एआरपी संजय शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अनीता राय, ऋषभ बाजपेई, मनोज कुमार, राहुल आदि उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

अव्वल छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

आलमपुर प्रधान को सम्मान पत्र

राजपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 नारी सम्मान समारोह सम्मान पत्र भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा ने मोर्चा की जिला प्रभारी के साथ राजपुर ब्लाक क्षेत्र की आलमपुर प्रधान शहनाज़ आरफा को अपनी ग्राम पंचायत में किए गए सराहनीय योगदान के लिए दिया। इस दौरान उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार में वस्त्र भेंट किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मान पत्र उन जनप्रतिनिधियों को दिया गया है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों व गरीब परिवारों के बीच रह कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया है। भाजपा की रीतियों व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है। ग्राम प्रधान के सम्मानित होने पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम कुरैशी समेत क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई है।

एक नजर

बलवा का आरोपी पकड़ा

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने पारादान गांव निवासी रवि प्रकाश पुत्र रामकुमार के खिलाफ बलवा, मारपीट का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

मारपीट के दो आरोपी दबोचे

फतेहपुर। हुसेनगंज पुलिस ने रहमत दौलतपुर गंभीरी गांव निवासी मोहित तिवारी पुत्र अंजू तिवारी उर्फ प्रवेश कुमार के खिलाफ एससी एसटी, मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है। उधर, औंग पुलिस ने शादीपुर गांव निवासी राजा सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था। वह फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

एप बन रहा प्रधानों के जी का जंजाल

फतेहपुर। एनएमएमएस के माध्यम से मस्टर रोल भरने की प्रक्रिया के अमल में आते ही प्रधानों-सचिवों के चेहरों पर चिंता साफ देखी जा सकती है। चूंकि इस पर माइनस हुई मजदूरों की हाजिरी प्रधान, कार्यदायी संस्था के मत्थे आ जाता है। हालांकि जानकार बताते हैं आठ मजदूरों की जगह 46 की हाजिरी चढ़ा खेल करने वाले एप प्रक्रिया का ज्यादा विरोध कर रहे हैं।

हर विस क्षेत्र में बनेंगे दो महिला बूथ

दिव्यांग व युवा बूथ बनाने की प्रक्रिया तेज, कुछ मतदेय स्थलों पर होगी वेब कास्टिंग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन



अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव कोशिश की जाएगी। निर्वाचन की शुचिता बनाए रखने को प्रशासन की ओर से कुछ मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी तो वहीं हर विधानसभा क्षेत्र में दो महिला बूथ बनेंगे। मॉडल, दिव्यांग और युवा बूथ भी बनाए जाएंगे।

आयोग की ओर से निर्वाचन की तारीख घोषित हो चुकी है। साथ ही प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है, जिले में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। छह विधान सभाओं में सदर, हुसेनगंज, जहानाबाद, बिंदकी, खागा, अयाह-शाह वाली लोकसभा क्षेत्र में 19.35 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो महिला बूथ बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जिस पर महिला कर्मचारियों की ही तैनाती होगी।

दिव्यांग और युवा बूथ प्रति विधानसभा एक-एक बनेगा तो वहीं मॉडल बूथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच स्थापित किए जांएगे। लोकसभा निर्वाचन में कुछ मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। जिसमें क्रिटिकल और बर्नेबल मतदेय स्थल सम्मिलित रहेंगे। निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने को उड़नदस्ते, वीडियो सर्विलांस टीम का गठन किया जा चुका है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही यह टीमें सक्रिय हो जाएंगी। टीमों की ओर से जिन वाहनों का प्रयोग किया जायेगा उनमें जीपीएस लगाया जाएगा, जिससे कि लोकेशन मुख्यालय पर स्थित नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हा सके। चुनाव को लेकर प्रशासनिक अफसर तेजी से लगे हुए हैं।

दिव्यांग वोटरों को मिलेगी सहूलियत

- दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए मतदेय स्थलों पर समुचित इंतजाम किए जा रहे हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने क्षेत्र के मतदेय स्थलों पर यह जरूर देखें कि कहीं पर रैंप की व्यवस्था तो आधी अधूरी नहीं है। समय से पूर्व उसे पूरा कर लिया जाए।

जिले में 23 हजार वोटर पहली बार डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 18 से 19 आयु वर्ग के हैं ये मतदाता, इस बार दर्ज हुआ सूची में नाम

अमृत विचार। आने वाले लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। करीब 23000 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। यह मतदाता 18 से 19 आयु वर्ग के हैं। इन मतदाताओं में पहली बार वोट डालने का उत्साह नजर आ रहा है।

पिछले पांच साल में जिले में करीब 34 हजार मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जिससे वर्तमान में 19.35 लाख मतदाताओं की संख्या हो गई है। इसमें 10.38 लाख पुरुष और 08.57 लाख महिला मतदाता हैं। लेकिन दोआबा के 23 हजार युवा मतदाताओं में चुनाव को लेकर उत्साह ज्यादा नजर आ रहा है। वहीं इस बार घर बैठे बैलेट बाक्स से मतदान की सुविधा को लेकर करीब 31 हजार बुजुर्ग मतदाता (85 से सौ वर्ष) खासे उत्साहित है। बीएलओ इन बुजुर्गों वोटरों से सहमित पत्र (फार्म-12) भराने को इनके घरों की कुंडी खटखटा रहे हैं। लोक सभा चुनाव को लेकर

लोगों के बीच चर्चाएं तेजी पकड़ रही हैं। युवा वोटरों का कहना रहा कि पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया गया है। कोशिश होगी कि अपने बूथ में पहली बार अपना पहला वोट देंगे।

जेसीबी मालिक ने घर में घुसकर परिवार को पीटा

फतेहपुर। बिजली पोल पर जेसीबी से टक्कर मारने के विरोध में जेसीबी मालिक ने समर्थकों संग परिवार को घर में घुसकर पीटा। हमले में दंपति व बेटा घायल हो गए। पुलिस ने जेसीबी मालिक समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी पुरुषोत्तम उर्फ पुत्तन मिश्रा जेसीबी मालिक हैं। उनका ड्राइवर छोटू गांव में किसी काम से जा रहा था। रास्ते में राहुल सोनी अपने घर के बाहर खड़ा था। राहुल का आरोप है कि चालक ने जेसीबी से बिजली पोल में टक्कर मार दी। रास्ता संकरा होने से जेसीबी लाने को रोका भी था। इसी बात पर चालक से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि कुछ देर बाद जेसीबी मालिक पुरुषोत्तम मिश्रा अपने पुत्र आशीष मिश्रा, भतीजों कार्तिक, हर्ष के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और गाली गलौज की। राहुल का आरोप है कि मना करने उसे पीटने लगे। बीच बचाव करने आए पिता उमाशंकर व मां गीता देवी को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। राहुल के अनुसार पुरुषोत्तम रिवाल्वर भी लिए था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मौरंग खनन में लगे चार ट्रैक्टर सीज

संवाददाता फतेहपुर

- एडीएम ने टीम के साथ की छापेमारी, लगाया जुर्माना
- जयराम नगर, बहुआ रोड और जोनिहा बाईपास में हुई चेकिंग

एडीएम ने ट्रैक्टरों की जांच कर की कार्रवाई।

अमृत विचार। कृषि कार्य की जगह व्यवसायिक कार्य और मौरंग लादकर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। एडीएम और एएसपी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से मोरंग खनन करते हुए पकड़कर सीज कर दिया और लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है।

शहर के जयराम नगर, बहुआ रोड और जोनिहा बाईपास पर एडीएम अविनाश त्रिपाठी, एडीएम विजय शंकर मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम सदर प्रभाकर त्रिपाठी, सीओ सिटी वीर सिंह, एआरटीओ परिवहन लक्ष्मीकांत ने टीम के साथ छापेमारी करते हुए 40 वाहनों को रोककर चेक किया। इसमें चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से ओवरलोड मौरंग लादकर ले जा रहे थे। टीम ने चारों ट्रैक्टरों को सीज कर तीन लाख दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर कृषि कार्य के लिए पंजीकृत होने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली से व्यवसायिक कार्य करने पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कागज के अलावा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे होने पर चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज किया गया। इन पर परिवहन विभाग ने दो लाख रुपये और खनिज विभाग ने एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। चारों ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर राधा नगर थाने में खड़ा करा दिया। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली सहित अन्य वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना जरूरी है। यह नियम सभी तरह के वाहनों के लिए अनिवार्य है।

मैच के दौरान मतदान की शपथ

संवाददाता फतेहपुर

मैत्री मैच के बाद लोगों को मतदान की दिलाई गई शपथ। अमृत विचार

अमृत विचार। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमती के निर्देश पर स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और टीबी चैंपियन आशीष कुमार के नेतृत्व में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व टीबी एलिमिनेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मैत्री क्रिकेट मैच व मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

इसके तहत एनटीईपी व टीबी चैंपियन के बीच राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में क्रिकेट खेला गया। सबसे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया फिर टॉस किया। मतदाता जागरुकता के तहत आयोजित क्रिकेट मैच कुल 15 ओवर का रखा गया। इसमें एनटीईपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की और 92 रन बनाए और विजेता रहे। वहीं टीबी चैंपियन 61 रन ही बना पाए। इसके बाद स्वीप आइकॉन द्वारा मैच देखने आए दर्शकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप आइकॉन अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि 20 मई को मतदान होगा। उस दिन सबसे पहले अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट दो उसके बाद सारे काम। विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान प्रवीण कुमार व उपविजेता टीम के कप्तान शशी मिश्र को ट्रॉफी प्रदान की गई। दिलीप, अजीत सिंह, राकेश, विष्णु, चैतन्य कुमार, भक्तदास, दानिश, राशिद, मुकुल, अजय, वसीम, राजेश, गोपाल मौजूद रहे।

शौचालय का काम बंद होने से वकीलों में रोष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम के हस्तक्षेप के बाद दूर हो सका अवरोध

अमृत विचार। बिंदकी तहसील परिसर में पुरुष व महिला शौचालय न होने से ग्रामीणों इलाके से आये लोगों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को देख वकीलों ने मामले से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण के आदेश नगर पालिका परिषद बिंदकी को दिए। शौचालय निर्माण भी शुरू करा दिया गया लेकि पालिका प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिससे वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने एसडीएम से मिलकर निर्माण कार्य पूरा कराये जाने की मांग की है।

पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बिंदकी विप्र नारायन तिवारी, सुनील तिवारी एडवोकेट आदि प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बिंदकी से मिलकर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र में 426 गांव आते हैं लेकिन तहसील परिसर में पुरूष व महिला शौचालय, मूत्रालय की कोई व्यवस्था नहीं है। मामले से अधिवक्ता प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने पालिका प्रशासन बिंदकी को निर्माण के निर्देश किए थे। तहसील परिसर में तीन पुरूष व दो महिला शौचालय इतने ही मूत्रालय का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। जिस पर पालिका प्रशासन बिंदकी ने रोक लगा दी।

मूल्यांकन पूरा करने की जद्दोजहद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तीसरे दिन भी चारों केंद्रों में तेजी से जांची गईं कॉपियां
- दो केंद्रों में हाईस्कूल तो दो में चेक हो रहीं इंटर की कॉपियां

राजकीय इंटर कॉलेज में जांची जा रहीं कॉपियां। अमृत विचार

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। तीसरे दिन सोमवार को इस काम में खासी तेजी भी आ गई। मूल्यांकन के तीसरे दिन कुल मिलाकर 82,583 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। जबकि अधिकांश संख्या में परीक्षक भी मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं।

जिले में चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, उनमें दो परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल की कॉपियां जांची जा रही हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को इंटर की 3311 और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को 7431 कांपियों का मूल्यांकन किया गया कुल मिलाकर इंटर की अब तक 26,474 कॉपियां जांची जा चुकी हैं।

इसी तरह हाईस्कूल की कॉपियों में एएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 8620 तथा सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में हाईस्कूल की सोमवार को 10064 कॉपियां जांची गई। इन्हें मिलाकर हाईस्कूल की कुल 56109 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। चारों मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक तैनात किए गए हैं। उनमें अधिकांश परीक्षा पहुंच रहे हैं।

26 अप्रैल से छह मई तक होगी नामांकन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया कार्यक्रम
- 20 मई को मतदान तो चार जून को होगी मतगणना

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जिला प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज हो गईं हैं। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी जिले के चुनाव कार्यक्रम को जारी कर दिया है। नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होकर छह मई तक पूरी की जाएगी।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी.इंदुमती ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देश पर फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 238-जहानाबाद, 239-बिन्दकी, 240-फतेहपुर, 241-अयाह शाह, 242-हुसैनगंज, 243-खागा के नामांकन से लेकर नाम वापसी तक की कार्यवाही 26 अप्रैल से 06 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पन्न होगी। जिले में पांचवे चरण में चुनाव होने हैं। जिसके तहत निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी। नामांकन करने के लिए अंतिम तिथि 03 मई, नाम निर्देशनों की संवीक्षा के लिए 04 मई, नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 06 मई और मतदान 20 मई दिन सोमवार को होगा। उसके बाद मतगणना 04 जून को कराया जाएगा। बताया कि छह जून के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन से संबंधित समस्त कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा।

वारदात कर भाग रहे दो बदमाश पकड़े

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के कोसा गांव निवासी सूरज यादव, पत्नी ममता और दो बच्चों के साथ घाटमपुर थाना क्षेत्र के नौरंगा गए थे। वह शाम को बाइक से लौट रहे थे। बकेवर क्षेत्र के डारी खुर्द गांव के पास स्थित भट्ठा के निकट ओवरटेक करके बाइक सवार बदमाशों ने रोकने का प्रयास किया। बाइक न रोकने पर टक्कर मारकर गिरा दिया। दंपति व बच्चे बाइक से गिरकर घायल हो गए।

बताया कि इसी दौरान बाइक सवार आरोपियों ने महिला के गले से मंगलसूत्र और कान के झाले खींच लिए और फरार हो गए। युवक सूरज यादव ने मुस्तैदी दिखाते हुए आगे गांव के परिचतों और पुलिस को सूचना दी। वह भी बाइक सवारों के पीछे बाइक से भागा। बैठका चौराहे पर पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दो बाइक सवारों को धर दबोचा गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों की पहचान घाटमपुर थानाक्षेत्र निवासी मुन्ना व अरुण के रूप में की है।

खखरेरु-कोट मार्ग पर हो रहे हादसे

संवाददाता, खागा फतेहपुर

कुछ इस तरह से सड़क के दोनों साइड उगी हैं झांड़ियां। अमृत विचार

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार हर दिन एक गाइडलाइन पेश कर रही है तथा उच्चधिकारीयों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं जिससे आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सके। लेकिन सरकार के फरमान सिर्फ हवा हवाई साबित हो रहें हैं। जिम्मेदार चैन की नींद सो रहे हैं।

खखरेरु से कोट मार्ग इस समय खरपतवार से पूरी तरह ढका हुआ है। उगे खरपतवार से मार्ग की दोनों पटरियां पूरी तरह ढकी हुई हैं। जिससे आए दिन बड़ी से बड़ी दुर्घटनाएं देखने को मिल रहीं हैं। इस मार्ग पर चलने वाला हर व्यक्ति हर दिन मौत को दावत देता है।

मार्ग पर अचानक जंगली जानवर व अन्ना पशुओं से टकरा कर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहें हैं। यहां तक की बीते माहों में इसी मार्ग पर नीलगाय से टकरा कर पति व पत्नी की मौत हो चुकी है।

अंधा मोड़ बना दुघर्टना का सबब

इधर कोट रोशनपुर मार्ग पर अंधा मोड़ होने की वजह से कई राहगीरों ने अपनी जान गंवाई है। फिर भी आज तक इस मार्ग पर एक रेडियम बोर्ड की व्यवस्था तक नहीं कराई गई। जिसके लिए रोशनपुर व दरियापुर के ग्रामीणों ने खागा तहसील में पिछले वर्ष लिखित शिकायत पत्र भी दिया था। जिसमें ग्रामीणों ने रेडियम बोर्ड लगाने की मांग की थी। आज तक रेडियम बोर्ड की व्यवस्था नहीं कराई गई। जहां आज भी कई हादसे हो रहे हैं। मार्ग पर रेडियम बोर्ड का ना होना व बारिश से उगे खरपतवार से चल रहे राहगीरों पर कहीं ना कहीं मौत का साया बरकरार रहता है। जबिक कुछ दिन पहले सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सख्त आदेश देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि मार्ग पर बने कमरतोड़ ब्रेकर को तत्काल हटवाया जाए। लेकिन वह फरमान भी हवा हवाई साबित हुआ इसी मार्ग पर अनगिनत कमरतोड़ ब्रेकर बने हैं फिर भी जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।

क्या कहना रहा क्षेत्रीय ग्रामीणों का : क्षेत्र के कोट, कुल्ली, दरियापुर, रोशनपुर, शिवपुरी, रहमतपुर समेत अन्य गांवों के लोगों ने गहरा रोष व्यक्त किया। इनका कहना रहा कि इस जटिल समस्या का समाधान जल्द होना चाहिए। जिससे हो रही दुर्घटनाओं से आम जनता को निजात मिले सके।

सार-संक्षेप

पुलिस ने दबोचे पांच वारंटी

बिन्दकी। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में न्यायलय से काफ़ी समय से फरार चल रहे राजेंद्र कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी पिपरी व रवि प्रकाश को खजुहा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं जोनिहा चौकी पुलिस ने राम पुत्र सोनिया निवासी ठिठौरी गिरफ्तार किया। बिन्दकी चौकी पुलिस ने पिंकू उर्फ़ बबलू पुत्र जगजीवन निवासी पुरानी बिन्दकी को गिरफ्तार किया। इसी तरह खूंटा गांव निवासी रामखेलवान को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

बकरी चोरों से किसान भिड़ा

औंग। थाना क्षेत्र के थानपुर निवासी विनोद कुमार पासवान खेती करते हैं। उन्होंने बताया की रोज की तरह वह खेत में बनी झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात कुछ चोर पहुंचे और बकरी चोरी करने लगे। नींद खुलने पर उसने शोर मचाया तो एक चोर से भिड़ंत हो गई। तभी दूसरे चोर ने किसान में हाथ में तमंचे की बट से वार कर दिया। जिससे वह डर गया और चोर एक बकरा लेकर चार पहिया वाहन से भाग निकले। उसने बताया कि तीन बदमाश थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मिली जिम्मेदारी | कुंवरपुर रोड स्थित एक संस्थान में संगठन की बैठक का आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग हुए शामिल

रामजी को आदर्श व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

आदर्श व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

अमृत विचार। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने एक बैठक की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन में फेर बदल करते हुये नगर अध्यक्षों तथा महामंत्री पद पर मनोनीत किया।

सोमवार को नगर के कुंवरपुर रोड स्थित एक संस्थान में मुख्य अतिथि के रूप में आए आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग व जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने एक बैठक की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने तहसील अध्यक्ष निरंजन श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, महामंत्री सौरभ गुप्ता व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष पद के लिए शालनी श्रीवास्तव को चुना गया। वहीं लोगों ने रामजी गुप्ता को आदर्श व्यापार मंडल को नगर अध्यक्ष व सौरभ गुप्ता को महामंत्री बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए फूल मालाओं से लादकर का स्वागत किया। सभासद आनंद कुमार, दीपक पाल, सैम्बल जैकब, सुरेंद्र गुप्ता, कबीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सोसायटी ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

अमृत विचार। जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं संगठन की दूसरी वर्षगांठ व पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बनाए गए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नगर के ललौली चौराहे के समीप एक प्रतिष्ठान पर प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामसिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गोस्वामी की अगुवाई में पदाधिकारी सम्मान समारोह हुआ। वहीं जिला कार्यकारिणी बनाते हुए नव निर्वाचित जिला सनातन धर्म संरक्षक सुरेन्द्र महाराज, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मंजू गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा द्विवेदी को संगठन मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, जिला सचिव अनुज परिहार, प्रदीप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चोरों ने आठ घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का माल किया पार

खागा के दयालपुर में सात व हरदों में एक घर का टूटा ताला, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता खागा

अमृत विचार। चोरों ने रविवार की रात दो गांवों में धावा बोलते हुए आठ घरों के ताले तोड़ दिए। कोतवाली क्षेत्र के दयालपुर गांव के सात घर और हरदों में एक घर का ताला तोड़े लेकिन चोरों को चार घरों में ही सफलता मिली। चार घरों से चोरों ने लाखों की नगदी और जेवरात पार कर दी। जानकारी पर सुबह पहुंची पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी योगेश तिवारी परदेश में रहकर कमाता है। बताया कि उसका पूरा परिवार छत पर सोया था। सुबह नींद खुली तो देखा तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था और कमरे में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। बताया कि अलमारी में रखी साढ़े तीन लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी हो चुके गायब है।

चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- जंगल में मिले खाली बक्से और जेवरात के डिब्बे

इसी तरह गांव के ही संतू तिवारी के घर में सेंध काटकर घुसे चोरों ने 15 हजार रुपये नकदी, और सोने-चांदी आभूषण चोरी कर ले गए। वहीं प्रयागदत बाजपेई के घर से इनवर्टर बैट्रा और हरदों निवासी महेश सिंह के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, जेवरात समेत गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया। ग्रामीणों की मानें तो गांव के गोविंद के घर का ताला तोड़ा तो परिजनों को जानकारी हो गई उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

बताया कि चोरों ने रामभवन मौर्य, रामधनी साहू, शिवसागर मौर्य समेत रचना तिवारी, संतू के घर के ताले तोड़े। हालांकि रचना तिवारी और संतू तिवारी, प्रयागदत्त व हरदों निवासी महेश सिंह के घर के अलावा किसी और के घर से चोर ताला तोड़ने के बाद सामान नहीं ले जा सके।

घटनास्थल पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के दौरान गांव के बाहर खेतों में दो बक्से व जेवरात के खाली डिब्बे बरामद किए हैं। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

खलिहान में लगाई आग, सरसों की फसल जल गई

किशनपुर। थाना क्षेत्र के मडौली गांव में रविवार की रात लोगों ने किसान के खलिहान में आग लगा दी। जिसमें किसान की रखी सरसों की फसल जलकर राख हो गई। खलिहान में आग लगने से पीड़ित किसान का हजारों का नुकसान हो गया।

मडौली गांव निवासी कामता प्रसाद मिश्रा ने अपने करीब पांच बीघे खेतों में सरसों की फसल तैयार की थी। किसान ने फसल को कटवा कर खलिहान में रख दिया। रविवार की रात किसान खलिहान से अपने घर खाना खाने के लिए चला आया। इस दौरान अज्ञात लोगों ने खलिहान में रखी सरसों की फसल में आग लगा दी जिससे किसान की फसल जलने लगी। फसल को जलता देख पड़ोस में लगे ट्यूबवेल पर रह रहे किसान ने टॉर्च लगा कर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति दौड़ता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। मामले की तहरीर किसान ने पुलिस को दी है।

फर्जी हाजिरी पर रोक लगाएगा एनएमएमएस

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एप से होगी निगरानी
- मनरेगा में धांधली पर अंकुश के लिए विभाग कर चुका अनिवार्य

अमृत विचार। फर्जी हाजिरी के सहारे मनरेगा में खेल करना अब कठिन होगा। घर बैठे मस्टर रोल भर कर सरकारी धन का बंदरबाट बीते दिनों की बात होगी। धांधली पर अंकुश लगाने को विभाग ने एनएमएमएस एप पर ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य कर दी है।

अवैध कमाई का जरिया बनी मनरेगा योजना की नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एप (एनएमएमएस) की निगरानी में होगी। मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की हाजिरी कार्य स्थल पर मोबाइल पर एप से भरनी होगी।

ऑनलाइन भरने के साथ ही मस्टर रोल में दर्ज व कार्यरत 10-10 मजदूरों की ग्रुप फोटो भी फीड करनी होगी। एप में हाजिरी फीडिंग की खातिर समय का निर्धारण महत्वपूर्ण है। खासतौर पर मजदूरों की हाजिरी दोनों पालियों में ऑनलइन भरना अनिवार्य है।

लापरवाही और गलती से हाजिरी होगी रिजेक्ट

निर्धारित समय सुबह छह बजे से 11 बजे तक पहली पाली में काम कर रहे मजदूरों की फोटो संग मोबाइल पर मस्टर रोल भरना है। दूसरी पाली में दो बजे से दोबारा हाजिरी लगानी होगी। गलती या लापरवाही बरतने पर संबंधित मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की उस दिन की पूरी हाजिरी रिजेक्ट हो जाएगी।

रोजगार सेवक या महिला मेट दर्ज करेंगी हाजिरी

शासन के नियमानुसार 19 मजदूर संख्या तक की हाजिरी रोजगार सेवक अपने मोबाइल से एप के माध्यम से मस्टर रोल भरेंगे। वहीं 20 या अधिक मजदूर होने की दशा में समूह की महिला मेट खुद के मोबाइल से ऑनलाइन हाजिरी भरेंगी।

ठेकों का आबकारी की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

फतेहपुर। होली पर्व और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत रविवार को आबकारी टीम ने छापामारी कर अवैध शराब पकड़ी। इसके अलावा टीम ने शराब ठेकों का निरीक्षण किया और टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग की।

आबकारी टीम ने जनपद के विभिन्न गावों देवमई, मुसाफ़ा, लौहंगपुर, सेमरी, हसवा में छापेमारी कर 44 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। शराब बनाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं खागा एसडीएम और आबकारी निरीक्षक एवं खागा पुलिस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने रात में कानपुर-प्रयागराज राजमार्ग पर बड़ौरी टोल प्लाजा के पास वाहनों की चेकिंग की।

सीएचसी स्टाफ ने प्रसूता के परिजनों से लिए रुपये

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। सरकारी अस्पताल में निःशुल्क प्रसव कराने का आदेश है। यहां बच्चा पैदा होने पर सरकार खुद पैसा देती है, लेकिन फतेहपुर में ऐसा होते नहीं दिख रहा है। यहां सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें प्रसव पीड़ा होने पर सरकारी अस्पताल पहुंची प्रसूता के तीमारदारों से स्टाफ के द्वारा पैसा लिया जा रहा है।

वायरल वीडियो गाजीपुर सीएचसी का बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यहां प्रसव के लिए पहुंची महिलाओं से स्टाफ के द्वारा पहले से ही रेट तय कर दिया जाता है। दो से तीन हजार रुपये देने के बाद ही प्रसव कराया जाता है। बाकी को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाता है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रसव के लिए आई महिला के तीमारदार से पैसा वसूला जा रहा है। इस खेल में दाई के साथ डॉक्टर और स्टाफ में पैसों का बंटवारा किया जाता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक महिला पैसा गिनने के बाद बंटवारा कर रही है। एसीएमओ डॉक्टर इश्तियाक अहमद ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल स्टोर्स पर ड्रग इंस्पेक्टर का छापा

फतेहपुर। एसडीएम सदर और सीईओ के साथ ड्रग इंस्पेक्टर ने जिले के मेडिकल स्टरों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर कार्रवाई की। ड्रग इंस्पेक्टर की कार्रवाई से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। शहर के सदर अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर में काफी समय से अनियमितताओं की शिकायत मिल रही थी। जहां पर प्रतिबंधित दवाओं के अलावा तय मानकों को भी नियमित रूप से लागू नहीं किया जा रहा था। इसकी शिकायत पर सोमवार को ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में जिला प्रशासन की टीम ने एक निरीक्षण अभियान चलाया। मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि वह मानकों को जल्द पूरा करें। ड्रग इंस्पेक्टर संजय दत्त ने बताया कि पूरे जिले में मेडिकल स्टरों पर इसी तरह से अभियान चलाकर जांच की जाएगी।

महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

जाफरगंज। घरेलू कलह के चलते एक महिला ने रविवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में ही इलाज दौरान उसकी सांसें थम गईं। इसके बाद परिजनों में कोहराम मचा रहा।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के बसंतखेड़ा निवासी दलजीत सिंह उर्फ राजू सिंह की पत्नी अर्चना देवी अपने दो बेटों अभिराज और पृथ्वी राज के साथ घर पर रहती थी। परिजनों ने बताया कि पति दलजीत सूरत में रहकर ड्राइविंग करता है। रविवार रात घरेलू कलह के चलते घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। काफी देर बाद उल्टी होने परिजनों को जानकारी हुई तो परिजन आनन-फानन में उससे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की सांसें थम गईं। मामले की जानकारी पर मायके चांदपुर से पहुंचे पिता लाल बहादुर सिंह भदौरिया की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि किसी तरह का कोई आरोप नहीं है।

एसएसबी के साथ पुलिस ने किया मार्च

संवाददाता औंग

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पूर्व थाना क्षेत्र के कस्बे सहित संवेदनशील व अतिसंवेदनशील गांवों में सीमा सुरक्षा बल को लेकर थाना प्रभारी कांती सिंह ने सोमवार दोपहर से लेकर शाम तक फ्लैग मार्च किया।

बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स देखकर लोग परेशान हो उठे। पुलिस ने उन्हें जानकारी दी कि लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। समझाया गया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार यह फ्लैगमार्च लोगों को शांति व्यवस्था की अनुभूति प्रदान कराने एक कदम है। स्थानीय पुलिस के साथ एसएसबी 722 ए प्लाटून कमांडर पवन कुमार की टीम को लेकर औंग, खदरा, करचलपुर, बड़ाहार, मिराईं, खरौली, रानीपुर, अभयपुर समेत तमाम गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

एसएसबी के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

वोट डालने जाना, अपना फर्ज निभाना

संवाददाता, फतेहपुर

- रैली के माध्यम से बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

अमृत विचार। युवा विकास समिति की ओर से मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मलवां ब्लॉक स्थित सौरा ग्राम सभा के आरएसडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया।

रैली में पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जैसे नारे लगाए गए। युवा विकास समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है, वह सभी अपना मतदान जरूर करें। प्रधानाचार्य अंकित द्विवेदी, सत्यनारायण द्विवेदी स्कूल प्रबंधक, पंकज, अर्जुन, सतीश, अंकुर, पायल समेत विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्रवाई

किशनपुर। थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे मझगवां मोरंग खदान से निकल रहे ओवरलोड वाहनों पर देर रात एआरटीओ व एसडीएम खागा ने कार्रवाई कर सीज कर दिया।

मझिगवां मोरंग खदान से लगातार ओवरलोड वाहनों के निकलने की खबरें प्रकाशित हो रही थीं। जिसको संज्ञान में लेकर रविवार की देर रात करीब एक बजे के आसपास एआरटीओ व एसडीएम खागा ने पुलिस के साथ मिल छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों को पहोरा मोड़ के समीप बालू से भरे पांच ओवरलोड ट्रक मिले। अधिकारियों ने सभी को सीज कर दिया। मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि देर रात एआरटीओ व राजस्व विभाग के साथ छापेमारी कर पांच ओवरलोड ट्रकों को सीज कर थाने में खड़ाकर दिया गया है।

छापेमारी : 29 लीटर सरसों का तेल सीज

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। डीएम के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय देवेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में अगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार को पुलिस रोहित किराना स्टोर शाह से बेसन का एक नमूना संग्रहीत किया। इसी तरह धर्मपाल शाह स्थित स्पेलर से सरसों के तेल का नमूना लिया और 29 लीटर सरसों के तेल को मौके पर ही सीज़ किया। जिसकी अनुमानित कीमत 3770 रुपये है। नीरज कुमार शाह के खोया निर्माण इकाई से खोया का एक नमूना संग्रहीत किया। वहीं पिन्टू किराना स्टोर शाह से सूजी का एक नमूना लिया है। खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने एवं सभी खाद्य पदार्थों के क्रय बिल, टैक्स इनवाईस को रखने, व्यक्ति स्वच्छता का पालन करने के साथ ही बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित नही करने के कड़े निर्देश दिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार यादव, धीरज कुमार दीक्षित, राम बाबू, पूजा गुप्ता मौजूद रहीं।

दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बकेवर। एक दिन पहले बाइक सवारों से लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी कानपुर जनपद के रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया कि कोशा मजरे भैसोली गांव निवासी सूरज यादव बाइक से रिश्तेदार के गए थे। लौटते समय सकूरा से देवमई जाने वाले मार्ग पर अरुण पुत्र मुन्ना, गुलफाम पुत्र फारुख निवासी स्टेशन रोड आछी पूर्वी मोहाल वार्ड नंबर 18 घाटमपुर जिला कानपुर ने सूरज की बाइक में टक्कर मारी और लूट का प्रयास किया। सूरज ने शोर मचाया तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने घेराबंदी करवाई और दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में एक जोड़ी टप्स, मंगलसूत्र, कली गुरिया में और एक लाल मंगलसूत्र व बाइक को पुलिस ने बरामद किया है।

दहेज में 15 लाख नहीं मिले तो तोड़ दी शादी

संवाददाता, फतेहपुर

- 21 अप्रैल को जालौन जनपद में होनी थी शादी
- सदर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

अमृत विचार। शादी के एक माह पहले ही दहेज में 15 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने शादी तोड़ दी। मामले में युवक और उसके मां व पिता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शादी से पहले करीब 13 लाख रुपये युवती पक्ष का खर्च भी हो चुका है।

सदर कोतवाली क्षेत्र एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया बेटी का विवाह 21 अप्रैल 2024 को जालौन जिला माधौगढ़ निवासी शुभम गुप्ता पुत्र अशोक कुमार सुहाने के साथ होना थी। बेटी एमसीए करने के बाद एक टेक्नालॉजी कंपनी नोएडा में दो साल से कार्यरत है। युवती की मां का आरोप है कि लड़के वालों के कहने पर दिसंबर माह में झांसी रोड उरई में मैरिज हाल, कैटरिंग, बैंड बाजा बुक किया था। लड़के की मां 11 लाख रुपये शादी का एडवांस भी ले चुकी है। करीब कुल 13 लाख खर्च हो चुके हैं। बेटी से फोन पर 19 फरवरी को लड़के की मां ऊषा देवी ने 15 लाख रुपये की मांग रखी। अचानक रुपयों की मांग पूरी न करने पर शादी तोड़ दी है। माया देवी की तहरीर पर पुलिस ने शुभम गुप्ता, अशोक कुमार सुहाने व ऊषा देवी पर मुकदमा दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

एसपी ने देखे पुलिस बल ठहराने के इंतजाम

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गैर जनपदों से आने वाले पुलिस बल को ठहराने के इंतजाम दुरुस्त किए जाने की कवायद चल रही है। इसी क्रम में एसपी उदय शंकर सिंह ने शहर स्थित एक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सेंट मेरीस स्कूल का निरीक्षण किया। बताया कि सीपीएमएफ बल के जवानों को रोके जाने का इंतजाम किया गया है। नगर पालिका से अस्थाई स्नानघर की व्यवस्था कराने के लिए कहा है, जबकि स्कूल प्रबंधन से शौचालय दुरुस्त कराने के लिए कहा गया है।

चेकिंग में 55 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

पति-पत्नी के बीच हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसिलिंग में सोमवार को काउंसलर सदस्य सुरेश जायसवाल व मधु शर्मा, ममता शर्मा द्वारा काउंसलिंग कराते हुए एक मामले में समझौता कराया गया।

छिवली गांव में 14 बोरी लाही चोरी

औंग। थाना क्षेत्र के छिवली गांव निवासी कल्यान सिंह पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की रात उनके घर के बरामदे में रखी आठ बोरी तथा ट्रैक्टर ट्राली में रखी छह बोरी लाही अज्ञात चोर उठा ले गए। लाही की कीमत करीब तीस हजार बताई जा रही है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

होली में खपत | कटरी क्षेत्र में कुटीर उद्योग का रूप ले चुका अवैध शराब का धंधा

धधकने लगीं शराब की भट्ठियां

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। चुनाव व होली का पर्व आते ही जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कच्ची शराब बिक्री के लिए तैयार की जा रही है। जिले में दो साल पहले मिलावटी शराब पीने से आधा दर्जन लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हुआ और इधर-उधर छापेमारी की कार्रवाई कर इतिश्री कर ली थी।

कुछ दिन बीतने के बाद हमेशा की तरह फिर अवैध शराब बनाने और भंडारित करने का सिलसिला शुरू हो गया। एक सप्ताह बाद होली का पर्व होने से जिले के कटरी क्षेत्र में कच्ची शराब का कारोबार कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है। पुलिस व आबकारी से मौत के कारोबार को रोकने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जाते हैं। पूर्व में कच्ची शराब से जिले में कईयों मौतें हो चुकी हैं। जिले के कुछ इलाकों में दिन हो या रात घर-घर में ही शराब की भट्ठियां धधकती रहती हैं।

लाखों रुपये की शराब पकड़ी जा चुकी

जिले में कानपुर-प्रयागराज हाईवे और बांदा हाईवे से वाहनों में भरकर दूसरे प्रदेशों की सस्ती शराब की खेप शराब माफिया अन्य जिलों में सप्लाई करते हैं। कई थाना क्षेत्रों में बीते सालों में लाखों रुपये की हरियाणा की कई ब्रांड की शराब पकड़ी भी जा चुकी है। वाहनों के हादसे का शिकार होने के बाद जिले की पुलिस शराब पकड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर वाहवाही लूटती रही है।

इन क्षेत्रों में बनती और बेची जाती कच्ची शराब

अमौली, चांदपुर, रुसिया, धौरहरा, गंगौली, कोरवल, खूंटा, रायपुर, गढ़ी, गाजीपुर, हुसेनगंज, जहानाबाद, बकेवर, धाता, थरियांव, हसवा, औंग, मीरमऊ समेत सैकड़ों गांवों में इन दिनों शराब की भट्ठियां धधक रही हैं।

जमीन के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

संवाददाता खागा

अमृत विचार। खखरेरु थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव के समीप एक विद्यालय के निर्माणाधीन बाउंड्री वाल को लेकर दो पक्षों का विवाद कई दिनों से चल रहा था। सोमवार को एक पक्ष निर्माण कार्य को रुकवाने के लिए मौके पर पहुंचा जहां कहासुनी के बीच मामला लाठी-डंड्डो चलने तक जा पहुंचा। इस दौरान दोनों पक्षों को गंभीर चोंटे आई हैं।

खखरेरू थाना क्षेत्र के कुल्ली गांव से कुछ दूरी पर केशर सिंह पुत्र स्व. कुसुमचन्द्र सिंह निवासी रक्षपालपुर वर्तमान पता प्रयागराज अपने निजी विद्यालय की बाउंड्री वॉल का कार्य देखरेख करने वाले कुछ स्थानीय लोग करवा रहे थे। तभी अमृत लाल सिंह,व निवासी मानुपुर कुल्ली परिवार के चार उपरोक्त व्यक्ति के साथ हमला कर दिया। इस दौरान प्रार्थी प्रयागराज में मौजूद था। हमलावरों ने लाठी-डंडे के साथ मौके पर कई लोगों को घायल कर दिए। जिससे पूर्व प्रधान रक्षपालपुर निवासी महेंद्र सिंह को गंभीर चोटें आईं। साथ ही विद्यालय की देखरेख कर रहे दरियापुर निवासी शिवसरन सिंह पुत्र राम दुलारे को जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की दोनों पक्षो की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को मेडिकल करवा कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

बाइक सवार गिरकर घायल

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी सरोज कुमार वर्मा का पुत्र अमन कुमार वर्मा बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब वह गांव के थोड़ी दूर आगे बढ़ा तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। हादसे में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह बिंदकी कोतवाली क्षेत्र की कोरवां गांव निवासी नसीम का पुत्र इमरान बाइक पर सवार होकर किसी काम से शहर आया था। जब वह वीआईपी रोड पर पहुंचा तभी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। अचेतावस्था में वह रोड पर पड़ा था और भीड़ जमा थी। तभी वहां उसका परचित पहुंच गया और उसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

श्रद्धालुओं को सुनाई सनातन की व्याख्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- श्रीमद्भागवत कथा एवं धर्म कर्म ज्ञानोपदेश में बोले संत
- कमल तिवारी के हाते में धर्म की व्याख्या सुनने जुटे भक्त

अमृत विचार। शहर के कलक्टरगंज स्थित कमल तिवारी के हाते में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं धर्म कर्म ज्ञानोपदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास स्वामी स्वात्मानंद महाराज दिगंबर आश्रम असनी ने भक्तों को सनातन धर्म की व्याख्या सुनाई।

उन्होंने कहा कि सनातन वह धर्म है, जिसे अपने अंदर सब को समाहित करने की शक्ति है। साथ ही जो प्रत्येक परिस्थिति में जीवन जी लेता है उसी को महात्मा कहते हैं। सनातन धर्म प्रचार मंच के आयोजक मंडल द्वारा श्रोताओं एवं नारी शक्ति को कथा श्रवण के लिए आने वालों का रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर बीपी पांडेय, भोला प्रसाद मिश्र, शोभा सिंह, राजकिशोर अग्निहोत्री, पुत्तन बाजपेई, राकेश तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, संतोष सिंह राजू, प्रेमशंकर मिश्र, आचार्य रवि शंकर मिश्र, आदर्श मिश्रा सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

एक नजर

हादसे में घायल तीसरे बाइक सवार ने भी तोड़ा दम

तिर्वा, कन्नौज। ट्रक की टक्कर से घायल तीसरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली के भुलभुलियापुर गांव निवासी रोहित (30) पुत्र कमलेश, गोविंद (25) पुत्र लंकुश अपने दोस्त शेर सिंह (22) पुत्र केदारनाथ के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में एक रिश्तेदारी मे आए थे। रविवार की शाम को लौटते समय इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से रोहित व गोविंद की मौत हो गई थी। घायल शेर सिंह को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह उसकी भी मौत हो गई। मौत की जानकारी होते परिजनो में कोहराम मच गया। हादसे में गांव के तीन युवकों की मौत से मातम पसरा है।

अशोक जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग

छिबरामऊ, कन्नौज। सम्राट अशोक की जयंती पर 16 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने की मांग करते हुए बौद्ध आर्मी संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू शाक्य के नेतृत्व में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसील में नाजिर सोबरन लाल को सौंपा। पदाधिकारियों ने मांग की कि सम्राट अशोक के जन्म दिवस 16 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष अशोक अष्टमी के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर राष्ट्र को राष्ट्रीय चिन्ह देने वाले राजा को सम्मान दिया जाए। इस दौरान सिद्धार्थ शाक्य, आनंद शाक्य, राकेश, आकाश राजपूत मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज। संभव दिवस के मौके पर नगर पालिका परिषद पहुंचे भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने नगर की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए चार सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका ईओ सुनील कुमार को सौंप कर जल्द से जल्द निस्तारण किए जाने की मांग की है। पदाधिकारियों ने मांग की कि ताजपुर रोड पर पानी की कमी है। वहां वाटर कूलर एवं हैंडपंप लगवाया जाए। क्षतिग्रस्त गलियों की मरम्मत एवं नई सड़कों का निर्माण कराया जाए। नगर पालिका क्षेत्र में आने वाला बहबलपुर में पानी की सप्लाई नहीं है। इस दौरान मंडल प्रचार मंत्री प्रेम चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष नीरज भाटिया, जिला प्रभारी आरपी ठाकुर, मॉडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष मुशर्रफ, नगर अध्यक्ष रेहान अहमद, जिला अध्यक्ष सत्यम गुप्ता रहे।

वार्षिक परीक्षा शुरू होने से पहले आ गईं नए सत्र की 8 लाख किताबें

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। वो दिन लद गए जब नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के करीब छह महीने बाद भी सभी छात्र-छात्राओं के हाथों में किताबें नहीं पहुंच पाती थीं। 20 मार्च से शुरू होने वाली वार्षिक गृह परीक्षाओं से पहले ही परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 1.30 लाख छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकें आ गईं हैं। पहली अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र के लिए करीब आठ लाख किताबें आ गईं हैं।

बेसिक शिक्षा कार्यालय के मुताबिक कई दिन पहले से ही प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए किताबें आने लगीं हैं। सोमवार को भी बीआरसी सदर में एक ट्रक किताबें पहुंचीं। उनको कक्षों में सुरक्षित रखवा दिया गया है। बताया गया है कि आगरा से पुस्तकें आईं हैं। इसमें कक्षा तीन, चार, पांच, छह, सात व आठ के लिए किताबें हैं। कुल 2167 बंडलों में एक लाख 57 हजार 24 किताबें बताई गईं हैं। हालांकि अब तक आईं करीब आठ लाख पुस्तकों का जल्द सत्यापन कराया जाएगा। उसके बाद सात अन्य बीआरसी पर उनको भेजा जाएगा। वहीं से विद्यालयों के लिए वितरण होगा। हालांकि पिछले साल भी काफी पुस्तकें समय से ही आ गईं थीं।

बीआरसी सदर में ट्रक से किताबों के बंडल उतारते श्रमिक। अमृत विचार

कन्नौज ब्लॉक संसाधन केंद्र के कक्ष में रखीं गईं पुस्तकें। अमृत विचार

यह पुस्तकें आ गईं

सोमवार को कार्य पुस्तिका वाटिका, गणित ज्ञान, वर्क बुक, सीखें गणित, गणित प्रकाश, गणित मंथन, विज्ञान भारती, कृषि विज्ञान, मैजिक ऑफ नंबर्स, डब्ल्यूबी मैजिक ऑफ नंबर्स, वर्ल्ड ऑफ नंबर्स, पर्यावरण, हमारा इतिहास, कृषि विज्ञान, स्काउट गाइड शिक्षा समेत कई विषयों की किताबें आ गईं हैं।

> जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में बच्चों को समय से निःशुल्क पुस्तकें मिल जाएंगी। इससे नौनिहालों का शिक्षण कार्य अच्छी तरह से शुरू हो जाएगा। अधिकारियों की टीम जल्द ही किताबों का सत्यापन करेगी, उसके बाद वितरण शुरू हो जाएगा।
>
> **उपासना रानी वर्मा, बीएसए।**

सड़क हादसों में छह लोग घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग घायल हो गए। सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला हरदोई निवासी सुदेश कुमार पुत्र विश्वकरन भोगांव निवासी रिश्तेदारों के यहां बाइक से जा रहा था, तभी जीटी रोड स्थित निगम मंडी के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें सुदेश कुमार घायल हो गया। दूसरी घटना थाना गुरसहायगंज क्षेत्र निवासी सलमान पुत्र सरफुद्दीन, नंदकिशोर पुत्र जगन्नाथ, कमल प्रताप पुत्र इंद्रदेव, पुष्पेंद्र गुप्ता पुत्र जयराम गुप्ता तथा सुरेश पुत्र जगदीश घायल हो गए। सभी को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शिक्षक की हत्या से खफा परीक्षकों ने नहीं किया कॉपियों का मूल्यांकन

मुजफ्फनगर कांड की वजह से शहर के दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर दो मिनट का मौन रखा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में भी मुजफ्फरनगर में शिक्षक की हत्या की गूंज रही। इसके चलते दोनों ही मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों ने कॉपियां नहीं जांचीं। पुलिसकर्मी पर शिक्षक की हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई व पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की मांग हुई। साथ ही केंद्रों पर दो मिनट का मौन रख मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

सोमवार को सुबह शहर के मूल्यांकन केंद्रों एसबीएस इंटर कॉलेज व केके इंटर कॉलेज में प्रतिदिन की तरह परीक्षक व उपप्रधान परीक्षक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कॉपियां जांचने के लिए पहुंचे। वहां जानकारी मिली कि वाराणसी से यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां वाहन से लेकर 17 मार्च की रात करीब दो बजे शिक्षक धर्मेंद्र कुमार मुजफ्फरगनर पहुंचे। उनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। मूल्यांकन केंद्र का गेट बंद होने के कारण सभी लोग वाहन में विश्राम कर रहे थे।

इसी दौरान मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के सरकारी शस्त्र से गोली चली, जिससे धर्मेंद्र की मौत हो गई। मुख्य आरक्षी पर नशे में धुत होकर हत्या करने का आरोप लगा है। इसी को लेकर शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्रों पर एकजुट होकर नाराजगी जताई। विरोध में कॉपियों का मूल्यांकन नहीं किया। दोनों ही केंद्रों पर शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की मदद करने की मांग की गई। साथ ही परिजन को सरकारी सेवा में लेने व आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग हुई। उपनियंत्रक एके शर्मा व एसएल सिंह ने बताया कि मूल्यांकन के तीसरे दिन एक भी कॉपी नहीं जांची गई। इस मौके पर वीरेंद्र राठौर, बृजेंद्र कमल, मनीष सक्सेना, सर्वजीत आर्या, मुनेश्वर सिंह, रामजीत गुप्ता, तौकीर रजा, राखी द्विवेदी, अंकिता पांडेय, तंजीम अहमद, प्रवेश कुमार, राजेश सिंह व डॉ. एमके भारती मौजूद रहे।

- **मृतक के परिवार को तत्काल आर्थिक मदद व आरोपियों पर कार्रवाई की उठाई मांग**

शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में मुजफ्फरनगर कांड के विरोध में एकत्र हुए परीक्षक। अमृत विचार

चुनाव आते ही बनने लगी हिस्ट्रीशीटरों की सूची

कन्नौज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सूची बनने लगी है। सीओ सदर ने सर्किल क्षेत्र के चौकी प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी हैं। अतिसंवेदनशील बूथ भी देखने को कहा है।

चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस चुनावी मोड में आ गई है। सोमवार को सीओ सदर कमलेश कुमार ने सदर कोतवाली पहुंच कर हिस्ट्रीशीटर की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि करीब 16 को चिन्हित किया जा चुका है। इनकी सूची तैयार कर ली गई है। सीओ ने तालग्राम, गुरसहायगंज थाना कोतवालियों में भी हिस्ट्रीशीटरों की खोज कर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने बताया कि कोतवाली प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र के चौकी प्रभारियों व हल्का इंचार्ज को क्षेत्र में भेजकर हिस्ट्रीशीटरों की तलाश करें।

इसके अलावा अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें। इसके बाद लोकेशन लगा कर फोटो भेजें जिससे मतदान केंद्र के निरीक्षण में संबंधित स्थान की दिक्कतों को दूर किया जा सके। इस मौके पर सदर कोतवाली निरीक्षक दिग्विजय सिंह मौजूद रहे।

तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

पुलिस ने वकील को बनाया आरोपी, तालाबंदी कर प्रदर्शन

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिस ने वकील को जानलेवा हमले का आरोपी बनाकर एफआईआर दर्ज कर ली। इससे आक्रोशित बार एसो. ने पुलिस के खिलाफ तालाबंदी का प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। वकीलों ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर एफआईआर निरस्त करने की मांग की।

सोमवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में वकीलों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील परिसर में स्थित एसडीएम व तहसीलदार समेत अन्य कार्यालयों में तालाबंदी की। वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। वकीलों का कहना है कि यदि छिबरामऊ पुलिस द्वारा अधिवक्ता अनुराग शुक्ला पर दर्ज की गई एफआईआर वापस नहीं ली, तो सभी वकील 19 मार्च को भी कार्य बहिष्कार करेंगे। चंद्रजीत यादव, ललित प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, रामौतार शाक्य, दिनेश वैश्य, आलोक दीक्षित समेत कई वकील मौजूद रहे। मालूम हो कि ग्राम महोई निवासी धर्मवीर सिंह ने अधिवक्ता अनुराग शुक्ला के विरुद्ध कोतवाली छिबरामऊ में जानलेवा हमले का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

- **बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर में की पुलिस के खिलाफ नारेबाजी**
- **न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, एफआईआर निरस्त करने की मांग**

साथियों ने शराब में जहर देकर युवक को मार डाला

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। हरियाणा में प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। देर रात शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सुबह उसका गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। युवक ने हालत बिगड़ने के बाद बड़े भाई को फोन कर दोस्तों पर जहर देने का आरोप लगाया था।

श्याम जी की फाइल फोटो।

सकरावा थाना क्षेत्र के ऊमरपुर गांव निवासी प्रमोद दुबे उर्फ छुन्नू के तीन बेटे हैं। इनमें बड़ा अखिलेश्वर उर्फ कन्हैया तथा छोटा श्यामजी (24) हरियाणा के मानेसर शहर में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं, जबकि मंझला पुत्र रामजी दुबे गांव में ही रहता है। शुक्रवार की शाम को श्यामजी ने बड़े भाई को फोन पर सूचना दी कि दोस्तों ने शराब में जहर दे दिया है। बड़ा भाई उसे वहां के एक निजी अस्पताल में ले गया। इधर, गांव से भी परिजन व रिश्तेदार मानेसर पहुंच गए और रविवार को आगरा ले आए, जहां आईसीयू में इलाज हुआ। रविवार की शाम चार बजे के करीब श्यामजी की मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई अखिलेश्वर दुबे ने आशंका जताई कि उसके भाई की हत्या दोस्तों ने एक युवती से प्रेम प्रसंग के चलते की है।

- **शव आते ही मचा कोहराम मानेसर में प्राइवेट कंपनी में काम करते थे श्याम जी**

गोवंश को नोचने की शिकायत

जसोदा, कन्नौज। सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी गोवंश और गौशालाओं की हालत सुधर नहीं पा रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें गोवंश को कुत्ते नोच रहे हैं। हालांकि जिम्मेदार इसे फर्जी व पुराना बता रहे हैं।

सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो ब्लॉक जलालाबाद की ग्राम पंचायत जसपुरापुर सरैया स्थित गोशाला का बताया जा रहा है। इसमें जिंदा गोवंश को आवारा कुत्तों द्वारा नोच कर अपना भोजन बनाया जा रहा है। इसमें गोवंश बुरी तरह तड़प रहा है। इसमें केयरटेकर और जिम्मेदार नजर नहीं आ रहे हैं। बीडीओ सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि वह स्वयं एडीओ पंचायत लक्ष्मीराज यादव के साथ गोशाला गई थीं। वीडियो पुराना और फर्जी है। वीडियो वायरल करने वाले की तलाश की जा रही है।

छह साल बाद फिर एक हुए दंपति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत मध्यस्थता केंद्र में छह साल पुराने वैवाहिक विवाद में आपसी मतभेद भुलाकर दंपति फिर एक हो गए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की सिफारिश पर अपर जिला जज लवली जायसवाल ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझौता करा दिया। सचिव ने बताया कि अब तक कई दंपतियों के मामले मध्यस्थता केंद्र में सुलझाए जा चुके हैं।

सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में प्राधिकरण की सचिव ने मध्यस्थता केंद्र में दंपतियों की समस्या सुनीं। उन्होंने बताया कि छह साल पहले कोतवाली छिबरामऊ में वैवाहिक विवाद के संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसमें पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में भेज दिया था।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिबरामऊ ने यह मामला मध्यस्थता केंद्र में संदर्भित किया। केंद्र के अधिवक्ता अशोक कुमार के प्रयास से पक्षकारों की सहमति के आधार पर मामले का निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि पुराने वैवाहिक विवादों को निस्तारित कराने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

दंपति से बात करतीं अपर जिला जज लवली जायसवाल। अमृत विचार

विधिक शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

छिबरामऊ, कन्नौज। सोमवार को तहसील सभागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो व तहसीलदार अभिनव वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने थर्ड जेंडर को योजनाओं का लाभ देने के लिए किन्नर कल्याण बोर्ड का गठन किया है। किन्नर समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व आवास का लाभ दिलाना प्राथमिकता में है। ट्रांसजेंडरों को मतदाता सूची में भी स्थान दिया गया है। शिविर में नायब तहसीलदार भरत कुमार मौर्य व अन्य उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को निराला स्मृति सम्मान

गुरसहायगंज, कन्नौज। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महादेवी वर्मा और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान समारोह 2024 का आयोजन नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में किया गया। इसमें नगर के युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को निराला स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर व अंगवस्त्र, पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान दूसरी बार प्राप्त हुआ। चक्रवर्ती ने कहा कि निराला जी छायावाद के कवि थे। उनकी कविताएं आज के दौर में समय के साथ बातें करतीं हैं। कहा कि कवि समाज को दर्पण दिखाने का कार्य करता है। इस दौरान डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति, गीतम सिंह, कविता मल्होत्रा, अर्चना गर्ग, शालिनी अगम के द्वारा निराला स्मृति सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्त करते युवा कवि अरुण चक्रवर्ती।

क्विज के विजेता छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

क्विज के विजेता 11 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

छिबरामऊ, कन्नौज। क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज ग्राम लड़ैता स्थित कोमिल सिंह महाविद्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी व बीडीओ दीपांकर आर्य ने विजेता 11 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। ब्लॉक नोडल शशिकांत शुक्ला ने बताया कि विकासखंड के सभी 88 उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय के चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया है। द्वितीय चरण में उत्कृष्ट 50 बच्चों का चयन किया गया और तृतीय चरण में इन 50 बच्चों में से 11 बच्चों को चयनित करते हुए उन्हें पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अनूप मिश्रा, एआरपी कुलदीप यादव, अनुपम अवस्थी, शैलेश मिश्रा, प्रभाकांत मिश्रा, सत्येंद्र यादव, विनोद मिश्रा, अविनाश कुमार यादव, रेशु मिश्रा, मो. आकिल, अरुण कुमार, श्यामवीर सिंह, रवि कुमार दुबे, महेंद्र यादव मौजूद रहे।

उपलब्धि साफ्टवेयर किया तैयार, जो अंधेरे में बताएगा कार चालक सीट बेल्ट लगाए है या नहीं

ट्रैफिक पुलिस के लिए वरदान बनेगा छात्रों का शोध

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सड़क पर बिना सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों की लापरवाही देखते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज के शिक्षक व छात्रों ने शोध कर एक मॉडल बनाया है। यह मॉडल बिना सीट बेल्ट के कार या अन्य वाहन चालकों पर निगरानी रखेगा। साफ्टवेयर ट्रैफिक पुलिस के लिए वरदान बन जाएगा।

चार पहिया वाहन चलाते समय चालको के द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग बहुत कम किया जाता है, जिससे हादसों के समय चालकों को जोखिम का सामना करना पड़ जाता। सीट बेल्ट न लगाने पर चालकों पर निगरानी नही हो पाती थी। वाहन चालकों पर निगरानी रखने के लिए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्र लवदीप सिंह और दिव्यांश चौरसिया ने सीएनएन-एसवीएम आधारित ड्राइवर सीट बेल्ट डिटेक्शन तकनीक एक हाइब्रिड दृष्टिकोण शीर्षक वाला एक शोध पत्र प्रस्तुत किया था।

यह शोध प्रो. नवीन कुमार तिवारी, प्रो. अभिषेक बाजपेयी, डॉ. विपिन उपाध्याय के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। कॉलेज के छात्रो के द्वारा शोध कर एक साफ्टवेयर मॉडल तैयार किया गया जो कि सड़क पर लगने के बाद वाहन चालको की सीट बेल्ट पर नजर रखेगा। उसमे साफ प्रतीत होगा कि चालक सीट बेल्ट का उपयोग किया है या नही। इसकी पहचान साफ्टबेयर दिन की रोशनी के साथ अधेरे मे भी करेगा।

प्रोफेसर अभिषेक बाजपेयी ने बताया कि यह तकनीक यातायात सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलू, सीट बेल्ट के उपयोग, मॉनिटर करने में सक्षम होगा। यह शोध उन्होंने अतर्राष्ट्रिय सम्मेलन में भेजा है, चुना जाने के बाद कोई भी कंपनी इसे लेकर बाजार में उतार सकती है। यह साफ्टवेयर ट्रैफिक पुलिस के लिए वरदान बनेगा। इसके उपयोग से बिना सीट बेल्ट लगाने वाले चालकों का चालान भी पुलिस कर सकती है।

प्रो. नवीन कुमार।

प्रो. अभिषेक वाजपेयी।

डॉ. विपिन उपाध्याय।

छात्र लवदीप सिंह।

दिव्यांश चौरसिया।

डीपीआरओ, मत्स्य विभाग के अधिकारी का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सीएम डैशबोर्ड में कई विभागों की प्रगति खराब हुई है। इससे नाराज डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश और मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिंह का मार्च का वेतन रोक दिया है। दोनों अधिकारियों को प्रदेश में रैंकिंग ए प्लस करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीएम ने डीपीआरओ को भेजे पत्र में कहा है कि फरवरी की सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट 11 मार्च को आई थी। उसमें 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में डी श्रेणी और 57वीं रैंक आई। पांचवां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में सी श्रेणी और 36वीं रैंक आई है। एसबीएम ग्रामीण फेज-टू मंर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में बी श्रेणी और 42वीं रैंक के अलावा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू में बी श्रेणी व 19वीं रैंक आई है। बताया गया है कि 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत में 56.39 करोड़ रुपये के सापेक्ष 40.46 करोड़ ही व्यय किए गए हैं। पांचवें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में 58.50 करोड़ रुपये के सापेक्ष 53.57 करोड़ खर्च हुए हैं। एसबीएम जी फेज-2 व्यक्तिगत इज्जतघर निर्माण में 28,961 इज्जतघर निर्माण के सापेक्ष 27,325 का जियो टैग हुआ है।

- **सीएम डैशबोर्ड में प्रगति खराब होने पर डीएम ने की कार्रवाई**
- **जिले की छवि धूमिल हो रही, ए प्लस श्रेणी लाने के दिए निर्देश**

ग्रामीणों को बांटीं दवाइयां

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम कमालपुर में चल रहे नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन सोमवार को पंचायत भवन में ग्रामवासियों के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। ग्रामीणों को दवाइयों का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान सितारा बेगम, डॉ. उदयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पालिसी संख्या 263505828 में मेरा नाम गोरेलाल नायक अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम रामनाथ अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम गोरेलाल नायक व रामनाथ मेरे ही नाम है व सही है। मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। **गोरेलाल नायक उर्फ रामनाथ पुत्र श्री जल सिंह निवासी ग्राम उमरायपुरवा वस्ता जिला कन्नौज।**

50 हजार से अधिक नकदी तो रखें साक्ष्य

आचार संहिता के चलते हो सकती पूछताछ, अब प्रशासन का फोकस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी है

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का ऐलान हो जाने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। निर्वाचन में धनबल का प्रयोग रोकने के लिए कई टीमें सक्रिय हो गईं हैं। इस वजह से कोई भी व्यक्ति 50 हजार रुपये से अधिक की नकदी साथ लेकर नहीं चल सकेगा। अगर इससे अधिक रुपये मिलते हैं तो पूछताछ होगी। उधर, 13 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को अधिकारी सक्रिय हो गए हैं।

कलक्ट्रेट के गांधी सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग का मकसद लोगों को परेशान करना नहीं है। आयकर अधिकारी व लेखाधिकारी की टीम नगदी के कागज देखेंगी। जब भी व्यक्ति उनको मुहैया करा देगा तो नगदी वापस कर दी जाएगी।

एसपी अमित आनंद ने बताया कि जिले में एक कंपनी बीएसएफ रूट मार्च कर रही है। मतदान तक काफी संख्या में सुरक्षा बल आ जाएगा। वर्नेबल बूथों पर विशेष निगाह रखी जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि जो बूथ अतिसंवेदनशील हैं वहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम होंगे। इस मौके पर एएसपी संसार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार, अतिरिक्त सूचना अधिकारी आलोक यादव, बीएसएफ से रामवीर व संजीव विसारिया मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह व अन्य। अमृत विचार

तीनों विधानसभा क्षेत्रों से रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

- पिछले लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव कराने के लिए जिले की तीनों विधानसभा इलाकों के लिए पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से ही रवाना होती थीं, लेकिन 12 मई को मतदान कार्मिक कन्नौज के अलावा तिर्वा व छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र से अलग-अलग रवाना होंगे। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी का तर्क है कि मौसम कब बदल जाए पता नहीं रहता। बारिश से ईवीएम व जरूरी प्रपत्र भीग कर खराब हो सकते हैं। इस वजह से रवानगी स्थलों में बदलाव किया गया है। बताया कि कन्नौज व छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां स्थानीय मंडी समितियों से रवाना होंगी। तिर्वा के लिए डीएन इंटर कॉलेज का चयन किया गया है।

सोशल मीडिया पर फेक न्यूज डाला तो कार्रवाई होगी

- एसपी का कहना है कि चुनाव को लेकर सोशल मीडिया की निगरानी भी की जा रही है। जो भी व्यक्ति फेक न्यूज, विवादित टिप्पणी डालेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि बिना पुष्टि के कोई भी पोस्ट प्रसारित न की जाए। आगे बताया कि जिले में शांति भंग व गुंडा एक्ट में कई कार्रवाई की गई हैं। एक सवाल पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अगर रोड शो आदि निकलते हैं तो आधी सड़क या मार्ग पर ही चलने की अनुमति होगी। यातायात बाधित नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी ओर मतदान केंद्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी। मतदान केंद्र के 100 मीटर के अंदर मोबाइल, गाड़ी आदि पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

18 अप्रैल के बाद हो सकता मतदान कार्मियों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायत सहायक, सफाईकर्मी भी करेंगे चुनाव में सहयोग
- सीडीओ ने कार्यालय में बनाई अधिकारियों के साथ रूपरेखा

अमृत विचार। चौथे चरण में होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। मतदानकर्मियों की ड्यूटी और उनके प्रशिक्षण को लेकर रूपरेखा बनने लगी है। बताया गया है कि पंचायत सहायक व सफाईकर्मियों को चुनाव में सहयोग करने की जिम्मेदारी मिलेगी।

विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में सोमवार को सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने चुनाव को लेकर मंथन किया। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी व एनआईसी के हिमांशू से पंचायत सहायक व सफाईकर्मियों की संख्या व महिला-पुरुष का ब्योरा मांगा। सीडीओ ने प्रशिक्षण के लिए स्थल चयन पर भी बात की। कहा जा रहा है कि 18 अप्रैल से मतदानकार्मिकों को चुनाव कराने की बारीकियां बताई जा सकतीं हैं। दो-दो पालियों में प्रशिक्षण चलेगा। बताया गया है कि पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर तृतीय तक की ड्यूटी के लिए संबंधित विभागों से पहले ही कर्मचारियों का डाटा एकत्र हो चुका है। उसके बाद ड्यूटी का आवंटन होना है।

मतदान कार्मिकों की ड्यूटी को लेकर चर्चा करते सीडीओ। अमृत विचार

कल से वार्षिक गृह परीक्षाएं, 31 तक मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

- परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

कन्नौज। प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की वार्षिक गृह परीक्षाएं 20 मार्च यानी कल से शुरू हो जाएंगी। कक्षा एक से आठ तक के करीब 1.30 लाख परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। बीआरसी से प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा चुका है। 31 मार्च से पहले परीक्षाफल का वितरण कर दिया जाएगा।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च से शुरू होकर 21, 22, 23 व 27 तक चलेंगी। इसी दौरान उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो जाएगा। 30 या 31 मार्च तक रिपोर्ट कार्ड बांट दिए जाएंगे। पहली अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र परिषदीय स्कूलों में शुरू कर दिया जाएगा। बीएसए ने बताया कि प्रश्न पत्रों का वितरण हो गया है। इस बार खाकी रंग के लिफाफे में पैक होकर प्रश्न पत्र स्कूलों में भेजे गए हैं। उन पर स्कूलों के नाम, विषय, कक्षा व बच्चों की संख्या भी लिखी है।

परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब से ही प्रश्न पत्र रखे गए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के पत्र के मुताबिक परीक्षा के बाद मूल्यांकन में कोई भी परीक्षार्थी फेल नहीं किया जाएगा।

घटना के बाद अनिकेत के घर के बाहर जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

'मेरे लिए परेशान न होना' लिखकर लगा लिया फंदा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- युवक का शव घर में बने कमरे में फंदे से लटका मिला
- पुलिस ने जेब से बरामद किया बिना हस्ताक्षर सुसाइड नोट

अमृत विचार। मायके गई पत्नी से फोन पर बातचीत के दौरान तैश में आए युवक ने सुसाइड नोट लिखा। इसमें कहा कि मेरे लिए परेशान न होना और घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना इंदरगढ़ के नई बस्ती गांव निवासी अनिकेत (25) पुत्र श्यामपाल ने रविवार की रात में घर के अंदर बने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर परिजनों ने शव लटका देखा तो कोहराम मच गया।

मृतक के पिता ने बताया कि अनिकेत की शादी भिंड ग्वालियर से 5 वर्ष पहले हुई थी। उसका चार साल का एक बेटा भी है। पत्नी रिया कुछ दिन पहले अपने मायके चली गई थी जिसको बुलाने के लिए अनिकेत ने शाम को फोन पर बात की थी। पत्नी से बात करते-करते वह किसी बात से नाराज हो गया था। इसके बाद से काफी परेशान दिख रहा था। रात करीब 11 बजे सब सो गए और बेटा भी सोने चला गया। सोमवार की सुबह वह काफी देर तक नहीं उठा तो आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर कमरे में जाकर देखा तो शव फंदे से लटका था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर जब उसकी तलाशी ली तो बिना हस्ताक्षर का एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला जिस पर लिखा था कि मेरे लिए परेशान न होना। उस नोट पर किसी के हस्ताक्षर नहीं थे।

जागा प्रशासन, स्वागत द्वारों को ढंकने का काम शुरू

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। सड़क पर लगे स्वागत द्वार पर लगी भाजपा व सपा के नेताओं की फोटो से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की खबर अमृत विचार में प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। तहसील प्रशासन ने ऐसे 16 द्वारों को चिन्हित करके ढंकने का काम शुरू करा दिया है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने कड़े निर्देश जारी किए। तहसील प्रशासन ने अभियान चलाकर कस्बे में लगी राजनीतिक पार्टियों से संबंधित होर्डिंग-बैनर उतरवाना शुरू कर दिया। इसके बाद भी तिर्वा विधान सभा में कई जगहों पर लगे स्वागत द्वारों पर विभिन्न दलों के नेताओ की फोटो व नाम अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को प्रभावित कर रहे थे। इस संबंध में अमृत विचार में सोमवार के अंक में प्रमुखता खबर प्रकाशित की। असर यह हुआ कि एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार ने विधान सभा क्षेत्र में लगे स्वागत द्वारों का निरीक्षण कर उन पर लगी फोटो ढकवाना शुरू कर दिया। तहसीलदार ने बताया कि विधान सभा में 16 जगहों पर स्वागत द्वार हैं जिनको ढंकवाया जा रहा है। जो अधिक ऊंचाई पर थे उन्हें ढंकने के लिए पीडब्ल्यूडी से कहा गया है।

आचार संहिता के बाद भी लगे स्वागत द्वार
अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

कोतवाली में 300 शस्त्र खा रहे जंग

कन्नौज। सदर कोतवाली में विधानसभा चुनाव के दौरान कोतवाली में जमा किए गए शस्त्रों में करीब 300 को लेने लाइसेंस धारक नहीं आए। इससे कोतवाली के मालखाने में रखे-रखे जंग लग रही है। सदर कोतवाली में विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस की ओर से जमा कराए गए शस्त्र जंग खाने लगे हैं। कारण यह है कि चुनाव के बाद धारकों ने इनको कोतवाली से नहीं उठाया है। पुलिस ने इन शस्त्रों को कोतवाली के मालखाना में सुरक्षित तो रखा है पर नमी के चलते 300 शस्त्र जंग खाने लगे हैं। सोमवार को मालखाने का चार्ज दूसरे हेड मोहर्रिर को सौंपने के दौरान इन शस्त्रों को बाहर निकाला गया। हेड मोहर्रिर ने इन शस्त्रों को चौकीदारों को लगा कर साफ कराया। हेड मोहर्रिर ने बताया कि लोस चुनाव को लेकर फिर से शस्त्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुलिस लाइन में नवीन भारतीय न्याय संहिता 2023 समेत कई अन्य संहिता के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस विवेचकों व अभियोजनों को जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर संयुक्त निदेशक अभियोजन जनपद कन्नौज ने पुलिस लाइन सभागार में सेमिनार, प्रशिक्षण, कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें जनपदीय अभियोजकों एवं विवेचकों को नवीन भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, नवीन अन्य अधिनियम से संबंधित धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जनपद के समस्त थाना, कोतवाली, शाखाओं से विवेचक एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में कार्यशाला के दौरान मौजूद पुलिस व अभियोजक। अमृत विचार

- पुलिस लाइन में हुआ कार्यशाला का आयोजन

सेमिनार में मुख्य वक्ता तरुण चंद्रा डीजीसी क्रिमिनल, सुभाष चंद्र एसपीओ, नवीन दुबे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता, मोहम्मद सालिम पूर्व डीजीसी, कार्यक्रम का आयोजन प्रदीप मिश्रा संयुक्त नीदेशक अभियोजन की ओर से कराया गया। सेमिनार में आए न्यायपालिका व पुलिस के अधिकारियों को वक्ताओं ने एक जुलाई 2024 से संपूर्ण भारत में लागू होने वाले तीनों नए एक्ट और उनसे जुड़ी बारीकियों के बारे में विस्तार से बताया। जिले में इस तरह की यह पहली सेमिनार थी।

सार-संक्षेप

युवक को मारपीट कर लूटपाट की

तिर्वा। कोतवाली के भुगैतापुर गाव निवासी राजीव सिंह अपने निजी काम से 16 मार्च को परिवार के साथ नोयडा गया हुआ था। वह अपना घर पड़ोसी युवक ग्रीशचंद्र को सौंप गया था। ग्रीश रात को मकान में सो जाता था। 17 मार्च की रात को भी सो रहा था। उसी दौरान करीब पांच लोग घर के पीछे से चढ़ कर अंदर घुस आए और ग्रीश को पीटकर ताले तोड़ जेवरात व नगदी लूट ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

खाद्य विभाग ने शुरू की छापेमारी

गुरसहायगंज, कन्नौज। सोमवार को फूड इंस्पेक्टर उमेश प्रताप ने नगर के पूर्वी रेलवे क्रासिंग जीटी रोड स्थित सरसों के तेल की दुकान पर छापेमारी की। टीम ने प्लास्टिक की केनों में बंद लगभग तीन क्विंटल सरसों के तेल को सील कर दिया और नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए। तेल की बिक्री को भी प्रतिबंधित कर दिया गया।

एसडीओ ने ग्रहण किया पदभार

गुरसहायगंज। निवर्तमान एसडीओ अरविंद कुमार मौर्य का स्थानांतरण कन्नौज सहायक अभियंता मीटर विभाग में कर दिया गया। प्रतापगढ़ से स्थानांतरित होकर आए एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही ने सोमवार को विद्युत उपखंड कार्यालय गुरसहायगंज में पदभार ग्रहण कर लिया। कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण तत्काल किया जाए। विभाग द्वारा दिया गया सीयूजी नंबर 24 घंटे खुला रहेगा और उपभोक्ताओं की बात सुनकर जवाब दिया जाएगा।

एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही।

बाजार के लिए निकली विवाहिता लापता

सौरिख। एक गांव निवासी विवाहिता रविवार की सुबह घर से रात 10 बजे बाजार जाने की बात कहकर निकली। काफी समय गुजरने के बाद जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने चारों तरफ खोजना शुरू किया। उसका कोई भी सुराग नहीं लगा। पति ने थाने पहुंच कर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस जांच कर रही है।

युवक ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

सौरिख। गांव कुल्लूखेड़ा निवासी संजय सिंह ने पारवारिक कलह के चलते घर के अंदर कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी परिजनों को होते ही उसे नीचे उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर पुलिस को सूचना दी।

214 बच्चों ने की दिमागी कसरत, 12 ने पाई सफलता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले भर के सभी बीआरसी पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता/विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी हुई। इसमें कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को नगद धनराशि के अलावा मोमेंटो, प्रमाण पत्र व बैग समेत विज्ञान सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

बीआरसी सदर में भी ब्लॉक स्तरीय जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के 344 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। सोमवार को 214 ने क्विज में प्रतिभाग किया। इसमें पहले चरण की परीक्षा में 50 जबकि दूसरे चरण की परीक्षा में 12 छात्र-छात्राएं विजेता रहे। शिक्षक अरशद अली ने बताया कि परीक्षा बीआरसी परिसर में ही हुई। उसके बाद शिक्षकों ने कॉपियों का मूल्यांकन किया। बच्चों को 20-20 प्रश्न हल करने के लिए दिए गए थे। निर्णायक मंडल में अरशद के अलावा रामेंद्र पाल, स्नेहलता द्विवेदी व राहुल कटियार शामिल रहे। टीम ने कंपोजिट विद्यालय तिखवा की लकी, उदैतापुर की अर्पिता, खजुहा की नेहा व शिल्पी, महमूदपुर पैठ के शिवा व सनी, मलिकापुर की शुभि, जलालपुर पनवारा की प्रियांशी, सलेमपुर ताराबांगर की मोनिका, गदनापुर के प्रांजुल, धरमाईपुर्वा की खुशी व नगर क्षेत्र के सरायमीरा की महिमा को पुरस्कृत किया। इस मौके पर पूनम शुक्ला, स्मिता त्रिपाठी, डीपी सिंह, अनामिका द्विवेदी, सुमन व राजेंद्र मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे चयनित बच्चे

गुरसहायगंज/जलालाबाद। **राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत ब्लाक तालग्राम के** यूपीएस सराय प्रयाग व बीआरसी जलालाबाद में ब्लॉक स्तरीय क्विज का आयोजन किया गया। इसमें सफल छात्र-छात्राओं को बीएसए उपासना रानी वर्मा व खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व नगद पुरस्कार प्रदान किया। सोमवार को कार्यक्रम में यूपीएस चचियापुर के छात्र सागर, अश्वनी, आनंद राजपूत, पुष्पेन्द्र, कुसुम, यूपीएस अनीभोज के अर्पित कुमार, यूपीएस पनगवां के राजेन्द्र, यूपीएस रौतामई के शिवम, अरचु, यूपीएस गंगागंजगुरौली के आदित्य कुमार व यूपीएस अलमापुर के अमन को बीएसए व बीईओ ने पुरस्कृत किया। इस दौरान नामित नोडल बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने भी निरीक्षण किया। जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि ब्लाक स्तर पर चयनित उत्कृष्ट 11 बच्चे जनपद प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। बीईओ रमेश चन्द्र वर्मा ब्लाक नोडल नवीन मिश्रा, गोपदत्त शर्मा, अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरविंद चैहान, डॉ. पंकज कुमार, मलिखान सिंह, सुदीप पटेल, रेवती रमण, संजीव कुमार, राहुल दुबे, रजनीश कुमार द्विवेदी, प्रिया मिश्रा, साक्षी आदि शिक्षक रहे। जलालाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बीईओ शिवेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में क्विज कराई गई।

बीच सड़क पर टेंपो चालकों में मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। ओवरटेक करने को लेकर टेंपो चालकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

घटनाक्रम के अनुसार दो टेंपो चालक सवारियां लेकर कन्नौज की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ओवरटेक करने को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ी कि टिड़ियापुर गांव के पास टेंपो आड़े तिरछे खड़े कर दिए। दोनों ने साथियों को भी बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। इस दौरान औरैया कन्नौज मार्ग पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति रही। तभी किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला को जानकारी में आने के बाद अब पुलिस जांच करने में जुटी है।

राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत
दिनांक :20 मार्च 2024
"राष्ट्रीय ओरल हेल्थ दिवस"
Theme 'A Happy Mouth is ---A Happy Body
के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय जनपद कन्नौज एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर निःशुल्क मुख परीक्षण (स्क्रीनिंग) की जायेगी।

डा0 ओ0पी0गौतम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल एन0सी0डी0 कन्नौज
डा0 विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी, कन्नौज
शुभ्रान्त कुमार शुक्ल (आई0ए0एस0), जिलाधिकारी, कन्नौज

जिला एन0सी0डी0 सेल, जिला स्वास्थ्य समिति, कन्नौज

अपना रखें खयाल | जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को पहुंचे 700 मरीज, लगी रही लंबी कतार

मौसम बदला तो बढ़े बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मौसम का मिजाज बदलते ही अस्पतालों में खांसी, जुकाम व बुखार के रोगी बढ़ने लगे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 700 मरीज पहुंचे। इन सभी में जुकाम, बुखार की शिकायत ज्यादा रही।

दिन में तेज धूप व रात में सर्द मौसम से रोग हावी हो रहे हैं। लोगों में खांसी, जुकाम, बुखार बढ़ रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली। मरीजों की जांच व इलाज मिलने में किसी तरह की लापरवाही न हो इसके लिये सीएमएस को भी अपने कक्ष से निकल कर ओपीडी में पहुंचना पड़ा। उन्होंने ओपीडी के सभी कक्षों में पहुंच कर डॉक्टरों से जानकारी ली और कक्ष में मौजूद रह कर मरीज देखने को कहा। करीब तीन घंटे तक मरीजों को लाइन में खड़े होकर पहले पर्चा बनवाना पड़ा। इसके बाद डाक्टर को दिखा कर दवा लेने की लिये कक्ष के बाहर कतार लगानी पड़ी। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि सर्दी के बाद अब गर्मी का मौसम आ रहा है। इससे दिन में तेज धूप व रात में हल्की सर्दी होने से लोग बीमार हो रहे हैं। जुकाम, खांसी व बुखार होने पर घर में उपचार न लें। मरीज सरकारी अस्पताल पहुंच कर पहले जांच कराएं इसके बाद उपचार लें। दो से पांच दिन के उपचार में मरीज ठीक हो जाते हैं। हल्के कपड़े न पहनें। शाम के समय इनर का प्रयोग करें या मोटे कपड़े पहनें।

जिला अस्पताल की ओपीडी में कतार में खड़े मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

जिला अस्पताल की लैब में भीड़

कन्नौज। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ अधिक होने से बुखार के मरीजों की जांच डॉक्टरों ने लिखी। इससे मरीज जांच कराने के लिए जिला अस्पताल की पैथोलॉजी पहुंचे। एक साथ कई मरीजों के पहुंच जाने से वहां पर भी अफरा-तफरी का महौल रहा। कर्मचारियों ने सभी मरीजों का सैंपल लेने के बाद जांच कर रिपोर्ट दी। कुछ मरीजों की अधिक जांच होने से उनको दूसरे दिन जांच रिपोर्ट देने की बात कही।

वाहन की टक्कर से वृद्ध की गई जान

तेराजाकेट, कन्नौज। खेत की ओर जा रहे वृद्ध किसान को सामने से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने जी अस्पताल पहुंचाया। जहां से कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

सोमवार को ग्राम विशंभरपुर निवासी वृद्ध किसान रामकिशन (80) गांव के अन्य युवक के साथ खेत की ओर जा रहे थे। तभी तेराजाकेट-तालग्राम संपर्क मार्ग स्थित ब्रहमदेव मंदिर के निकट तालग्राम की ओर से आए अज्ञात चार पहिया वाहन ने तेज गति से वृद्ध किसान को टक्कर मार दी। परिजन निजी वाहन से घायल को लेकर गुरसहायगंज स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई।

एक नजर

बिना अनुमति अस्त्र-शस्त्र की बिक्री पर लगी रोक

फर्रुखाबाद। लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने जनपद में अस्त्र-शस्त्र व आतिशबाजी की बिक्री पर बिना अनुमति रोक लगा दी है। जिलाधिकारी ने 16 मार्च 2024 से लोकसभा चुनाव के समाप्त होने तक अस्त्र-शस्त्र, कारतूस एवं गोला बारूद तथा आतिशबाजी की बिक्री बिना पूर्व अनुमति से नही करेंगें। इस आदेश की अवहेलना करते हुये यदि कोई बिक्रेता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आयुध अधिनियम की धारा-17 (3) के अन्तर्गत कारईवाई की जायेगी। चुनाव कार्रवाई पूर्ण रूप से समाप्त होने पर यह आदेश स्वत: निष्प्रभावी हो जाएगा।

जिलाध्यक्ष मनोनीत

फर्रुखाबाद। स्वामी प्रसाद मौर्य के राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं महासचिव की घोषणा कर दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामबख्श वर्मा पूर्व सांसद के छिबरामऊ स्थित लोक भारती इंटर कॉलेज में बीते दिन फर्रुखाबाद कन्नौज औरैया एवं इटावा जनपदों का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ था। जिसमें नगर फर्रुखाबाद के मोहल्ला बहादुरगंज तराई निवासी सुरजीत उर्फ हैप्पी शाक्य को जिला अध्यक्ष एवं कुंवर नगला खारबंदी नगला वजीर निवासी अमित कठेरिया को को महासचिव मनोनीत किया गया है। हैप्पी शाक्य ने बताया कि वह पूर्व में जन अधिकार पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तथा अमित कठेरिया जन अधिकार पार्टी युवा के महासचिव थे। शाक्य ने बताया कि शीघ्र यह तय हो जाएगा की पार्टी को 2024 के लिए क्या करना है।

लोस चुनाव: निर्णायक भूमिका अदा करते अलीगंज विधानसभा के वोटर

2009 में बसपा उम्मीदवार नरेश अग्रवाल के पक्ष में हुई थी वोटों की बरसात

चन्द्रपाल सिंह सेंगर फर्रुखाबाद,

अमृत विचार। फर्रुखाबाद संसदीय सीट के लिए 13 मई को होने जा रहे चुनाव में 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता नेता का चुनाव करेंगे। विधानसभा अलीगंज के मतदाता हर लोकसभा चुनाव में नए उम्मीदवार पर मतों की बारिश करते चले आ रहे हैं। इसबार अलीगंज विधानसभा के 3,31,484 मतदाता किस तरफ करवट लेंगे, यह बात राजनीति के गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। फर्रुखाबाद लोकसभा चुनाव में अलीगंज विधानसभा के मतदाताओं की भमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। देखा जाए तो विधानसभा अलीगंज के वोटर सब दलों पर मेहरबान रहते हैं। लोकसभा फर्रुखाबाद क्षेत्र में पड़ोसी जिला एटा की विधानसभा अलीगंज भी पड़ती है। ऐसे में इस विधानसभा के वोटर भी फर्रुखाबाद लोकसभा चुनाव में निर्णायक की भूमिका निभाते हैं। हालांकि यहां का वोटर सभी दलों पर मेहरबान रहता है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में विस. अलीगंज के मतदाताओं ने बसपा के नरेशचंद्र अग्रवाल को 44,206 मत दिए तो सपा के चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू की झोली में 40,907 मत डाले। भाजपा को सबसे कम 16,245 मत मिले थे।



फर्रुखाबाद लोकसभा का मान चित्र। अमृत विचार

2014 में सपा के रामेश्वर सिंह पर रहे मेहरबान

2019 में भाजपा उम्मीदार मुकेश पर की कृपा

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में अलीगंज विधानसभा के सपा विधायक रामेश्वर सिंह यादव को फर्रुखाबाद से लोकसभा चुनाव का टिकट मिला तो स्थानीय प्रत्याशी होने का उन्हें लाभ मिला। उन्हें सर्वाधिक 1.27 लाख वोट मिले तो भाजपा के मुकेश राजपूत 60,642 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। इसी तरह वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के मनोज अग्रवाल को टिकट मिली। नाराज विस. अलीगंज की जनता ने भाजपा के मुकेश राजपूत की झोली में वोटों की बरसात कर दी। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को 1,15,002 मत मिले, जबकि गठबंधन प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को 71,167 वोटों से संतोष करना पड़ा। अब लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा से मुकेश राजपूत और कांग्रेस-सपा गठबंधन से डॉ. नवल किशोर शाक्य को टिकट मिला है। बसपा ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। अब देखना यह है कि विस. अलीगंज के मतदाता किसकी झोली में ज्यादा वोट डालते हैं।

जन अधिकार पार्टी का उम्मीदवार घोषित

- **फर्रुखाबाद।** जन अधिकार पार्टी ने मंडल अध्यक्ष स्वदेशी को पार्टी का लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। मालुम हो कि जिले में शाक्य कुशवाहा मौर्य सैनी समाज की चर्चित जन अधिकार पार्टी एवं महान दल का जनाधार घट चुका है। अब लकीर पीटी जा रही है।

बसपा प्रत्याशी घोषित नहीं

- **फर्रुखाबाद।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशी के लिए दमदार उम्मीदवार की खोज की जा रही है। सूत्रों के अनुसार ब्राह्मण ठाकुर एवं पाल समाज के प्रभावशाली लोगों ने टिकट के लिए पैरवी की है। चर्चा है कि किसी ब्राह्मण को चुनाव लड़ाया जा सकता है। चार-पांच दिनों में नाम की घोषणा हो सकती है।

कार के लिए महिला को घर से निकालने का लगाया आरोप

फर्रुखाबाद। दहेज में कार न मिलने पर ससुरालीजनों ने नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने भाई के साथ आकर नवाबगंज थाने में तहरीर दी, तो उसे टरका दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बछलइया निवासी रघुवीर सिंह गंगवार ने पुत्री रागिनी की शादी 9 मई 2023 को कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला घसिया चिलौली निवासी सुमंत गंगवार के साथ हुई थी। ससुरालीजन कार की मांग करते हुए रागिनी को प्रताड़ित करने लगे। रागिनी ने मायके में इसकी सूचना दी। 15 सितंबर को रागिनी का भाई लालू बहन की ससुराल आया और ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया। मगर ससुरालीजन कार की मांग पर अड़े रहे। विरोध पर ससुरालीजनों ने रागिनी व उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए निकाल दिया। पांच मार्च 2024 को रागिनी के मायके ससुरालीजनों ने आकर बातचीत की। ससुरालीजनों ने फिर रागिनी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सोमवार को रागिनी ने नवाबगंज थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने उसे कायमगंज कोतवाली में तहरीर देने की बात कहकर टरका दिया।

घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

ट्रेन से कटकर युवक ने कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- पहले ढाबे पर खाना खाया फिर रेलवे क्रॉसिंग गया

अमृत विचार। थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव आजाद नगर भटपुरा निवासी 40 वर्षीय युवक देवेंद्र बाथम पुत्र रामरूप बाथम ने सोमवार कोभटपुरा क्रॉसिंग के निकट फर्रुखाबाद कानपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज शंकरानंद ने शव की शिनाख्त कराई। मृतक देवेंद्र की जेब में मिले फोन नंबर से उसकी बहन सीमा निवासी मानीमऊ जनपद कन्नौज से संपर्क किया गया। बताया गया कि देवेंद्र मानसिक रूप से विक्षिप्त था। मिर्गी के दौरे आते थे। देवेंद्र की पत्नी काजल की 5 वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। देवेंद्र का 7 वर्षीय बेटा ओम जी अपनी बड़ी मौसी के साथ रहता है। देवेंद्र घटनास्थल के पास खुशबू अस्पताल और जायका ढाबा पर काम करता था। ढाबा मालिक ने बताया की लगभग 20 दिन पूर्व से ढाबे पर काम करने नहीं आ रहा था। आज ढाबे पर आया और खाना खाकर पटरी के ऊपर जाकर आत्महत्या कर ली। देवेंद्र का बड़ा भाई शिवपाल पंजाब में नौकरी करता है। घर पर माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। कस्बा इंचार्ज शंकारानंद ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष राजेश राय ने बताया परिजनों को सूचना दे दी।

मूल्यांकन : चौथे दिन भी 718 परीक्षक रहे गैरहाजिर

संवाददाता फर्रुखाबाद,

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन के कार्य में परीक्षक रुचि नहीं ले रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद तीसरे दिन सोमवार को भी 718 परीक्षक अनुपस्थित रहे। इस दौरान हाईस्कूल की 17524 व इंटरमीडिएट की 17311 कॉपियां जांची गईं। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सख्त निर्देश हैं कि 31 मार्च तक हर हाल में गहनता से कॉपियां जांचते हुए मूल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया जाए। मगर इसका असर परीक्षकों पर नहीं दिख रहा है। मूल्यांकन के लिए जनपद में तीन केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर परीक्षक ड्यूटी करने में लापरवाही बरत रहे हैं। हाईस्कूल मूल्यांकन केंद्र जीआईसी फतेहगढ़ में 498 में 238 और इसी कक्षा की कॉपियों की जांच के लिए जीजीआईसी मूल्यांकन केंद्र पर लगाए गए 531 में 287 परीक्षक ही ड्यूटी करने आए। वहीं इंटरमीडिएट मूल्यांकन केंद्र रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में 550 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें 336 परीक्षक आए। अभी इंटरमीडिएट की 78915 व हाईस्कूल की 133874 उत्तर पुस्तिकाओं की मूल्यांकन होना बाकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जीआईसी में 260, जीजीआईसी में 244 और रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में 214 परीक्षक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित परीक्षकों की सूचना परिषद को भेज दी गई है।

- तीसरे दिन हाईस्कूल की 17524 व इंटरमीडिएट की 17311 कॉपियां जांची गईं

वृद्धा की संदिग्ध हालात में मौत

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में वृद्धा की जल कर मौत हो गई। ग्राम भरेहपुर निवासी 73 वर्षीय बृद्ध महिला ज्ञान देवी पत्नी श्रीराम गांव में झोपड़ी डालकर रह रही थी। उसके कोई संतान नहीं है। संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गई। जिससे वृद्ध महिला ज्ञान देवी गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से गंभीर रूप से झुलसी वृद्ध महिला ज्ञान देवी को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल फर्रुखाबाद में भर्ती कराया गया। जहां वृद्ध महिला ज्ञान देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोमवार को ग्राम प्रधान सुषमा सिंह के पति ने बताया कि महिला के कोई संतान नहीं है। संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से वृद्ध महिला ज्ञान गंभीर रूप से झुलस गई है। महिला ज्ञान देवी ने घायल के दौरान आरोप लगाते हुए बताया कि जेठ सुनील और उनकी पुत्री मुन्नी ने मेरे आग लगा दी है। मेरा उनसे सम्पति को लेकर विवाद चल रहा था।

ट्रक में लदा गोवंश। अमृत विचार

गोरक्षक दल ने गोवंश पकड़ा बूचड़खाने ले जाने का आरोप

संवाद दाताअमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अमृतपुर थाना क्षेत्र में गोरक्षक दल ने ट्रक से ले जाये जा रहे गोवंश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

गोरक्षक दल ने आरोप लगाया कि सरकार ने गोवंशों के संरक्षण के लिए गोशालाओं का निर्माण कराया, परंतु अभी भी पेशेवर लोग प्रशासन की आंखों मे धूल झोंककर गो तस्करी का काम करने से बाज नहीं आ रहे हैं। चोरी-छिपे गोवंशों को ट्रैकों में लाद कर बूचड़खाने तक ले जाते हैं। गोरक्षक दल की टीम ने गोवंश ले जाते हुए ट्रक को पकड़ लिया। थाना अमृतपुर में ट्रक एवं इसके ड्राइवर रंजीत पुत्र अजब सिंह निवासी थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर में दर्शाया गया कि एक ट्रक पर गोवंशों को लाद कर तस्करी हेतु कम्पिल की तरफ ले जाया जा रहा था। दल द्वारा रंगे हाथों पकड़ लिया गया। थाना पुलिस ने तहरीर लेने के बाद जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ ने बताया गोवंशों को गोशाला भिजवा दिया गया है।

मेडिकल अफसर पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कार्यरत डाक्टर दबंगो ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे डाक्टर गम्भीर रूप से घायल होगया। थाना कादरीगेट क्षेत्र के मोहल्ला गंगानगर में बांके बिहारी मंदिर के पास डॉ. कृष्ण कुमार सुबह के समय जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर जाने को घर से निकल नुक्कड़ पर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन कर रहे थे। उसी समय मोहल्ले का ही दबंग व्यक्ति संतोष कुत्ते को टहलाते हुए उधर पहुंचा। कुत्ता भौंकते हुए इधर-उधर भाग रहा था। जिसे संतोष संभाल नहीं पा रहा था। जिस पर डॉक्टर कृष्ण कुमार ने कुत्ता टहला रहे संतोष को दो लोगों के साथ कुत्ता टहलाने आने को कहा। जिस पर आक्रोशित व संतोष ने डॉ कृष्ण कुमार के ऊपर जंजीर व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। दबंग के हमले से डॉक्टर कृष्ण कुमार के सिर व शरीर में गंभीर चोटे आई। घायल डॉक्टर कृष्ण कुमार ने घटना की तहरीरथाना कादरी गेट में दी। पुलिस ने घायल डॉक्टर का जिला अस्पताल लोहिया में मेडिकल परीक्षण करवाया है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि व्यवस्था पर हमला करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। इसमें किसी तरह की हीलाहवाली नहीं की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजकुमार गुप्ता का कहना है कि यदि इस तरह से व्यवस्था से जुड़े लोगों पर हमले होते रहे तो कोई नौकरी करना नहीं चाहेगा। डॉक्टर गुप्ता का कहना है कि सरकारी डॉक्टर की नौकरी वैसे भी एमबीबीएस बहुत कम करना पसंद करते हैं। ज्यादातर एमबीबीएस अपना नर्सिंग होम खोल कर बैठ जाते हैं। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि यह सरासर गुंडई है। इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि पुलिस ने संगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज न की तो सभी डॉक्टर इसका विरोध करेंगे और डॉक्टरों का विरोध जिला प्रशासन को महंगा पड़ सकता है। पुलिस को चाहिए की हमलवरों को गिरफ्तार करके कठोर कार्रवाई करें।

घायल डॉक्टर का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। अमृत विचार

- घायल डॉक्टर का पुलिस ने कराया चिकित्सीय परीक्षण

छात्र को कार ने मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- स्कूल से परीक्षा देकर लौट रहा था घर
- ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

अमृत विचार। स्कूल से घर लौट रहे छात्र को सड़क पार करते समय कार ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कार चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। मृतक के पिता किसान हैं।

मोहम्मदाबाद कोतवाली के गांव मलोखर निवासी सुरेंद्र यादव खेतीबाड़ी करते हैं। उनका 14 वर्षीय पुत्र विशाल बादशाह सिंह विद्यालय मोहम्मदाबाद में कक्षा छह में पढ़ता था। सोमवार को विशाल स्कूल से परीक्षा देकर साइकिल से वापस आ रहा था।

मंडी चौराहे पर साइकिल खड़ी करके वह दुकान पर सौदा लेने चला गया। सौदा लेकर वह सड़क पार कर रहा था, तभी छिबरामऊ की तरफ से आ रही डिजायर कार ने विशाल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी मोहम्मदाबाद भेजा, जहां डॉ. सनी मिश्रा ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। विशाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। विशाल का बड़ा भाई विकास व मझला विवेक हैं। विवेक का इलाज लखनऊ में चल रहा है। पिता सुरेंद्र उसे दिखाने लखनऊ ले गए हैं। विशाल का शव देख मां अनीता एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। दरोगा महेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

टेंट मालिक को सांप ने डसा, भर्ती

फर्रुखाबाद। पड़ोसी जिला हरदोई के टेंट हाउस मालिक को सांप ने डस लिया। हालत खराब होने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पाली के गाँव रमनगरिया निवासी रामनिवास का 28 वर्षीय पुत्र सोनू की गांव में ही टेंट की दुकान है। सोनू दुकान के अंदर से सामान निकाल रहा था। तभी दुकान के अंदर बैठें सांप के ऊपर उस का पैर पड़ गया। सांप ने सोनू के पैर में काट लिया। घर वालों ने आनन फानन में सोनू को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया।

नाइट्रेट मिला रंग सेहत के लिए हानिकारक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नाइट्रेट मिले रंग से होलीखेलने पर जान जा सकती है। फर्रुखाबाद जिले में रंग पक्का करने के लिए रंग में मिलाए जाने वाला नाइट्रेट सबसे खतरनाक जहर है और नाइट्रेट का प्रयोग कपड़ा छपाई में प्रचुर मात्रा में किया जाता है। बताते चले की फर्रुखाबाद जिले का नाम कपड़ा छपाई उद्योग में सबसे पहले नंबर पर चल रहा है। यहां कपड़ा छपाई में नाइट्रेट नामक केमिकल मिलाया जाता है। होली के समय कभी-कभी छपाई कारखाने में काम करने वाले लोग नाइट्रेट अपने घर ले आते हैं और उस नाइट्रेट को रंग में मिलाकर लोगों के साथ होली खेलते हैं। इस संबंध में डॉक्टर कम द्विवेदी का कहना है कि नाइट्रेट एक बहुत खतरनाक जहर है। इसे रंग में मिलाकर होली नहीं खेलना चाहिए। इसके अंदर पहुंचते ही दोनों फेफड़ों चिपक जाते हैं और सेवन करने वाले की मौत हो जाती है। इस वजह से हमेशा कच्चे रंगों होली खेलें।

सार-संक्षेप

ट्रांसफार्मर जलने पर एक्सईएन से जवाब तलब

फर्रुखाबाद। विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव कुबेरपुर जुन्नारदार में फुंके 100 केवीए ट्रांसफार्मर में प्रबंध निदेशक ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण से जवाब तलब किया है। गांव कुबेरपुर जुन्नारदार में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा है। इस ट्रांसफार्मर से पांच नलकूप कनेक्शन जुड़े हैं। 12 मार्च को ट्रांसफार्मर फुंक गया था। सूचना मिलने पर ट्रांसफार्मर को बदलवा दिया गया। ट्रांसफार्मर फुंके होने की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। जिस पर प्रबंध निदेशक ने ट्रांसफार्मर फुंकने के संबंध में एक्सईएन ग्रामीण से जवाब मांगा है। एक्सईएन ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने बताया कि दो मार्च को बरसात हुई थी, जिसके चलते आकाशीय बिजली गिरने से कुबेरपुर जुन्नारदार में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। किसानों ने 12 मार्च को ट्रांसफार्मर फुंके होने की जानकारी दी, जिस पर उसे बदलवा दिया गया है।

अनियंत्रित रोडवेज बस नाली में घुसी, हादसा टला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बरेली डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर नाले में घुस गई। इससे बड़ा हादसा होते होते टल गया। बरेली डिपो की रोडवेज बस फर्रुखाबाद बस स्टैंड से सवारियों को लेकर जा रही थीं। बस में लगभ 35 सवारियां सवार थी। रोडवेज बस नेकपुर के पास अनियंत्रित होकर नाले में घुस गई। बस नाले में घुसते ही सवारियों में हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी का माहौल उतपन्न हो गया।

नाली में घुसी रोडवेज बस। अमृत विचार

खाद्य विभाग ने चलाया अभियान, दुकानदारों में हड़कंप

फर्रुखाबाद। खाद्य विभाग की टीम ने अभियान चलाकर सिंथेटिक रसगुल्ले फिकवा दिये। हानिकारक चिप्स सीज कर दिए। टीम ने जहानगंज पीएचसी के निकट स्थित किशन प्रताप पुत्र रामरतन के खाद्य प्रतिष्ठान बालाजी मिष्ठान भण्डार पर छापा मारा। छेना रसगुल्ला का नमूना जाँच हेतु भरा गया। नमूना संग्रह के बाद शेष बचे कुल 20 किलोग्राम छेना रसगुल्लो को नष्ट करवा दिया। जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 1600 रुपए था। टीम मोहम्मदाबाद बेवर रोड स्थित अवधेश कुमार पुत्र दयाराम के अवधेश किराना स्टोर पहुंची। वहां रंगीन कचरी का नमूना लेने के बाद शेष बची कुल 50 किलोग्राम रंगीन कचरी को सीज कर दिया। जिसका अनुमानित मूल्य 3000 रुपए हैं। आलूपुर जहानगंज स्थित नरेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र जगदीश सिंह के प्रतिष्ठान माँ दुर्गा स्वीट हाउस से रसगुल्ला का नमूना भरा गया। प्रतिष्ठान में अत्यन्त गंदगी पाये जाने के कारण सुधार के लिए नोटिस देने की संस्तुति की गयी। संकिसा रोड आदर्श बाल विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कॉलेज स्थित इन्द्रपाल पुत्र रामकिशन के प्रतिष्ठान से नमकीन का सैंपल लिया गया। आलूपुर जहानगंज स्थित संजीव कुमार पुत्र सीताराम के प्रतिष्ठान लोचन छेना भण्डार से छेना मिठाई नमूना भरा गया। संकिसा रोड कृष्ण बलराम नगर स्थित अजय बाबू पुत्र ध्रुव लाल के प्रतिष्ठान कन्फेक्शनरी शॉप से कोकोनट मक्खन पेड़ा (ब्राण्ड अर्जुन) पैक्ड का नमूना संग्रह किया गया। छापेमारी से मोहम्मदाबाद और जहानगंज के दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा।

महिला के बैग से जेवरात हुए चोरी

फर्रुखाबाद। जनपद हरदोई के थाना हरपालपुर निवासी आलोक सोमवंशी की पत्नी नीलू कादरीगेट थाने के मोहल्ला गंगानगर में अपनी बहन शीलू के यहां आई थीं। शाम चार बजे वह हरपालपुर जाने के लिए रोडवेज बस अड्डा गईं। वहां बस न मिलने पर गंगानगर से अपनी बहन को लेकर चौक स्थित संडे बाजार चली गईं। रास्ते में उन्होंने अपने ज़ेवर बैग में रख लिए। देर शाम पर्स से जेवर चोरी हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंच कर घटना की जानकारी दी। जेवरातों की क़ीमत दो लाख बताई जा रही है। कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि महिला शिकायत करने आई थी। तहरीर नहीं दी है। कल कोतवाली आने की बात कहकर चली गईं। सीसीटीवी देखे जा रहे हैं।

प्रोत्साहन विद्यालयों में मिडडे मील बनाने वाली रसोइयों की प्रतियोगिता में संसारवती, पार्वती और रामकली ने मारी बाजी

लजीज व्यंजन बनाकर रसोइयों ने जीता पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों में मिड-डे मील बनाने वाले रसोइयों की पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने स्वादिष्ट भोजन बनाने वाली रसोइयों को पुरस्कृत किया। शासन के निर्देश पर संपन्न कराई गई इस प्रतियोगिता में सभी विकास खंडों से 30 रसोइयों को शामिल किया गया था, लेकिन 28 ने ही प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ. अरविंद मिश्र, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद, वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा ने पाक कला प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। निर्णायक टोली में कक्षा पांच से आठ तक के बच्चे भी शामिल किए गए थे। सभी रसोइयों के द्वारा अलग-अलग मेन्यू के अनुसार भोज्य पदार्थ तैयार किया गया। निर्णायक टीम के सामने बारी-बारी से भोजन परोसा गया। भोजन चखकर निर्णायक मंडल में शामिल लोगों ने नंबर दिए। इसके बाद विजेताओं की घोषणा की गई। प्राथमिक विद्यालय मिर्जा नगला की संसारवती ने प्रथम, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रंग साजान की पार्वती देवी ने द्वितीय और प्राथमिक विद्यालय मिर्जा नगला की रसोइया रामकली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता रसोइयों को क्रमशः 3500, 2500 व 1500 की धनराशि प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य रसोइयों को 300 रुपये सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मध्याह्न भोजन योजना के जिला समन्वयक व नगर शिक्षाधिकारी आईपी सिंह, रामजी, मुकेश कुमार, विशाल गगन, रामजी, ब्रह्मशंकर और सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में भोजन की स्टॉल पर जाकर नम्बर देते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं,

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

प्रसंगवश

धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

सोशल फोरम

औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की पंरपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप

अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।

एक नजर

संचारी रोग नियंत्रण संबंधी बैठक आज

महेवा, इटावा। सीएचसी महेवा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की अंतर्विभागीय बैठक 19 मार्च को 12 बजे आयोजित होगी। जिसमें आगामी 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत विभिन्न विभागों का उत्तरदायित्व निर्धारण किया जायेगा। अधीक्षक सी एच सी महेवा डॉ गौरव त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में पंचायत, शिक्षा, महेवा, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित लखना व बकेवर के अधिशाषी अभियंता शामिल होंगे।

सपा ज्वाइन करने की बात बिल्कुल झूठ : विमलेश

इटावा। बसपा के पूर्व मंडल कोआर्डिनेटर विमलेश चौधरी ने कहा कि वे बसपा के कार्यकर्ता हैं और आजीवन बसपा में रहकर ही बहुजन समाज के हितों के लिए काम करेंगे। उनका पुत्र दीपेंद्र चौधरी उर्फ मोनू भी बसपा में जिला महासचिव के पद पर काम कर चुका है। कुछ स्वार्थी तत्व उनके बारे में भ्रामक अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि वे आजीवन बसपा में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करेंगे।

कोचिंग गई छात्रा लापता अनहोनी की आशंका

इटावा। शहर में 16 मार्च की शाम घर से कोचिंग सेंटर गई 15 साल की छात्रा वापसी के दौरान लापता हो गई। परिजनों ने शहर में संभावित घरों तथा रिश्तेदारियों में तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला तब परिजनों ने कोतवाली सदर में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मतदान केंद्रों पर साफ सफाई के निर्देश

महेवा, इटावा। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने सभी ग्राम सचिवों व सफाई कर्मियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था को पूर्ण करने तथा केंद्रों के आसपास पड़े ईंट पत्थरों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र स्थल तक पहुंचने के लिए रास्ता, पेयजल, रैम्प, फर्नीचर, छाया, शौचालय, भवन, बाउंड्रीवाल आदि कार्यों में से यदि कोई अधूरा है तो उसे पूरा कराएं।

सीएचसी महेवा को मिला पहला स्थान

महेवा, इटावा। महेवा सीएचसी को पूरे जनपद में सर्वाधिक महिला, पुरुष नसबंदी, सर्वाधिक प्रसव, सर्वाधिक गर्भवती महिलाओं की जांच आदि में प्रथम स्थान दिया गया है। सीएमओ डॉ गीताराम ने पूरे स्टाफ को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर सीएचसी स्टाफ ने सयुंक्त रूप से डॉ गौरव त्रिपाठी और डॉ दिलीप अग्रहरि को माल्यार्पण कर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ गौरव त्रिपाठी ने बताया कि माह फरवरी तक 342 महिला नसबंदी, 02 पुरुष नसबंदी, 3340 प्रसव कराये गए हैं। नियमित रूप से 250 से 300 तक मरीज ओ पी डी में देखें जाते हैं। डॉ त्रिपाठी ने इसका पूरा श्रेय अपने स्टाफ को देते कहा कि सबके सहयोग से जिले में महेवा सीएचसी का नाम रोशन हो सका है।

आज कहीं तीन तो कहीं सात घंटे ठप रहेगी बिजली

इटावा। 19 मार्च को विद्युत उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी 2 तथा फ्रेंड्स कॉलोनी 1 पर जर्जर पोल को बदलने का कार्य होना है। इसके कारण तीन घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। यहां विद्युत आपूर्ति सुबह 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक बंद रहेगी। इससे अशोक नगर, राम नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, नई मंडी, श्याम नगर की सप्लाई बंद रहेगी। 19 मार्च को ही उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न 5 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित मोहल्ला शांति कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

मतदान सिर्फ अधिकार ही नहीं वरदान भी है

समारंभा फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय ने चलाया महिला मतदाता जागरुकता अभियान

महिलाओं को मतदान के प्रति प्रेरित करतीं ऋचा राय। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समारंभा फाउंडेशन ने ग्राम नगला इंच्छा में मतदाता जागरूकता अभियान में महिला मतदाताओं को जागरूक किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय ने किया। ऋचा राय ने कहा कि बहुधा महिलाएं अपने मताधिकार के प्रयोग में रुचि नहीं लेती हैं। यदि वह मत का प्रयोग करती भी हैं तो उनका मत परिवार में पति या पुत्र की इच्छा अनुसार ही तय कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर परिवार के साथ साथ सामाजिक रूप से भी अपनी समझ विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि मतदान सिर्फ अधिकार ही नहीं बल्कि वरदान भी है।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन फाउंडेशन की सक्रिय सदस्या डॉ शशिप्रभा ने किया। फाउंडेशन द्वारा वयस्कों को 13 मई को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई और अल्पवयस्क किशोर किशोरियों को प्रतिदिन दस मतदाताओं को मतदान हेतु स्मरण कराने का कार्य प्रदान किया गया। नन्हीं बालिका अपराजिता ने सरस्वती वंदना की। सुमन, सुनीता, सरिता देवी, मधु, सृष्टि, चिंटु आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

मतदाता जागरण का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकतंत्र के महापर्व आम चुनाव को सफल और सार्थक बनाने में सहयोग करने के उद्देश्य से जागरूक नागरिक संगठन ने सुंदरपुर मोड़ स्थित मधुवन वाटिका में मतदाता जागरण सेमिनार का आयोजन किया। बुद्धजीवी वक्ताओं ने मतदान का महत्व बताते हुए समाज में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी ने कहा कि चुनाव आयोग, सरकार, राजनैतिक पार्टियां और विभिन्न सामाजिक संगठन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने केलिए अपने अपने स्तर से प्रयास करते हैं। फिर भी चालीस फीसदी से भी ज्यादा लोग अपना वोट नहीं डालते हैं, यह बहुत ही चिंतनीय है। जागरूक नागरिक संगठन ने इस दिशा में सकारात्मक प्रयास शुरू किया है। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट ने कहा कि राजनीति में अच्छे जनप्रतिनिधियों के चयन के लिए बहुत जरूरी है कि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें क्योंकि आपका एक वोट भी बहुत महत्वपूर्ण होता है।

सेमिनार को संबोधित करते इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी। अमृत विचार

संगठन के महासचिव सविका धर्मलाल चतुर्वेदी ने बताया कि मतदाता के एकमात्र सबसे अमोघ अस्त्र मतदान के महत्व को बताने केलिए संगठन से जुड़े लोग चुनाव संपंन होने तक अनवरत रूप से गांव गाली क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। उस कड़ी में आज हमारे इस पहले वैचारिक मंच पर समाज के चुनिंदा बुद्धिजीवियों के बीच परस्पर विमर्श हुआ है। सेमिनार में मतदान जागरूकता के लिए हरी शंकर पटेल, अरुण कुमार दुबे पूर्व प्रधानाचार्य आशाराम चौधरी एडवोकेट, राघवेंद्र पुजारी, ब्रजेंद्र बाबू राजपूत एडवोकेट, डा. केके सक्सेना, श्याम सुंदर दुबे एडवोकेट, रघुवीर यादव पत्रकार, संतोष बाबू शुक्ला एडवोकेट, गौरव चौधरी एडवोकेट, सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी, जितेंद्र दुबे दद्दू, सुनील तिवारी एडवोकेट, राम प्रकाश चित्रवंशी, ज्योति राव एडवोकेट, सुधीर मिश्र, जगमोहन शुक्ला, आनंद विभूषित दीक्षित ने भी विचार रखे। प्रखर गौड़ ने बहुत ही सुन्दर मतदाता जागरूकता गीत सुनाया।

कंटेनर से भिड़ा टैंकर दोनों के ड्राइवर घायल

संवाददाता इकदिल, इटवा

- हाईवे पर भोर पहर हुआ हादसा चालक केबिन में फंसे रहे

अमृत विचार। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के थाना क्षेत्र में गांव मनियांमऊ के पास तेज रफ्तार कंटेनर और टैंकर की भिड़ंत हो गई। जिसमें कंटेनर हाईवे पर पलट गया और टैंकर का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में फंसकर दोनों के ड्राइवर घायल हो गए।

गांव अन्दावा का रहने वाला कंटेनर ड्राइवर विपिन किशोर (36) नोएडा से पार्सल लोड कर के भुवनेश्वर उड़ीसा जा रहा था। इसी थाने के गांव आनेपुर का टैंकर ड्राइवर शिवचंद्र (54) तड़के पेट्रोल पंप से डीजल खाली करके वापस उल्टी साइड से जा रहा था। उपरोक्त स्थान पर दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया और कंटेनर हाईवे पर पलट गया। दोनों वाहनों के ड्राइवर केबिन में फंस कर बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत करके दोनों ड्राइवरों को निकलवाया और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवा दिया। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन मंगवाकर हाईवे से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।

ट्रक की टक्कर से डीसीएम पलटी

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज पर इटावा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर के हलों से लोड डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें ड्राइवर बाल बाल बच गया। बताया गया कि बगल में चल रहे रहे ट्रक ने डीसीएम में साइड से कट मार दिया था जिसके चलते लोड डीसीएम का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा जिससे डीसीएम हाईवे पर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से डीसीएम को उठवाकर साइड से कराया तब इस हाईवे पर यातायात सामान्य हुआ।

होली पर दो दिन बंद किए जाएं शराब ठेके

इटावा। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समिति की एक आवश्यक बैठक परशूपुरा ग्राम स्थित मेला ग्राउंड में हुई। बैठक में लोकसभा चुनावों की दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाने पर चर्चा हुई। होली के पर्व पर शांति एवं सौहार्द कायम रखने के लिए प्रशासन से होली के दो दिन पड़वा और दूज को शराब, बीयर और भांग की दुकानों को बंद कराने की मांग की गई।

प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने गर्मी के दिनों में पानी की कमी को देखते हुए सूखे पड़े तालाबों में पानी भरवाने, सूखी पड़ी कुंवारी नदी की जलधारा को जीवित कर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने, कुंवरपुर कुर्छा में कुंवारी नदी घाट पर पक्का पुल बनवाने के लिए शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मेला मालिक मेजर पांडेय ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष संजय दुबे, अखिलेश तिवारी, शैलेंद्र दिवाकर, मोनू दीक्षित, अंशू कटेरिया, सचिन कुमार पोरवाल, धर्मेश बाजपेयी ने भाग लिया।

यूपी बोर्ड : 73,754 कॉपियों का किया गया मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चार मूल्यांकन केंद्रों पर चल रहा कॉपी जांचने का काम

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य शुरू कराया गया है, 16 अप्रैल से शुरू किए गए इस कार्य में हालांकि पहले दिन मूल्यांकन की गति धीमी रही लेकिन तीन दिनों में कुल मिलाकर 73,754 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। इन कॉपियों को जांचने के लिए 1362 परीक्षकों की तैनाती की गई थी जिनमें से 912 परीक्षण मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचकर कापियां जांच रहे हैं। हालांकि अभी तक 450 परीक्षक नहीं आए हैं। 144 उप प्रधान परीक्षकों की तैनाती की गई थी जिनमें से 114 उप प्रधान परीक्षक कापियां जांचने के काम में लगे है।

जिले में जो चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं उनमें राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया जा रहा है जबकि सनातन धर्म इंटर कॉलेज तथा इस्लामिया इंटर कॉलेज में इंटर की कॉपियों की मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य की निर्देशन में मूल्यांकन का यह कार्य तेजी से जारी है। पहले दिन के बाद मूल्यांकन की गति में तेजी आई है और यह बताया जा रहा है कि निर्धारित समय में मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

इतनी जांची गईं कॉपियां

हाई स्कूल : 48391
इंटरमीडिएट : 25363

मूल्यांकन केंद्रों पर पानी और बिजली की व्यवस्था

इटावा। जिले में जो चार विद्यालय मूल्यांकन केंद्र बनाए गए है उनमें पानी बिजली के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि यह आने वाले परीक्षकों को किसी तरह की कठिनाई न हो और उन्हें जरूरी आवश्यकताओं के लिए भी बाहर न जाना पड़े। इसके साथ ही मूल्यांकन केंद्रों पर कैंटीन की व्यवस्था भी की गई है।

ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के किनारे पर स्थित क्षेत्र के ग्राम लच्छी के सामने ट्रेन से गिरकर एक 15 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उसकी सोमवार की सुबह तड़के मौत हो गई।

अरमान अली पुत्र सरवर अली जेके कॉलोनी शाहदरा दिल्ली का रहने वाला था। ट्रेन से अचानक जसवंतनगर-बलरई रेलवे स्टेशन के मध्य गांव नगला लच्छी के सामने गिर गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने एंबुलेंस से सैफई पीजीआई ले गये जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुजफ्फर नगर में शिक्षक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

अमृत विचार। मुजफ्फरनगर में वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की पुलिस पर गोली मारकर हत्या का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित शिक्षकों ने सनातन धर्म इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज के के गेट पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह चौहान व जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुजफ्फरनगर की घटना से शिक्षक समुदाय व्यथित व आक्रोशित है। उन्होंने बताया कि दुखद सूचना मिली है कि उत्तर पुस्तिओं को पहुंचाने मुजफ्फरनगर गये वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की हत्या उसी ट्रक में सुरक्षा के लिए तैनात आरक्षी चन्द्रप्रकाश ने कर दी है। जिला संगठन मांग करता है कि मृत शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी एवं परिवारिक पेंशन तत्काल दी जाय। मृत शिक्षक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाये। हत्यारोपी आरक्षी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस दौरान प्रदेश मंत्री अरुण कुमार दुबे, प्रधानाचार्य अंजूश्री, डॉ दीपक सक्सेना, संजय शर्मा, गुफरान अहमद, डॉ सर्वेश चतुर्वेदी, डॉ कुश चतुर्वेदी, अनिल कुमार सिंह, विनय कुमार पटेल, विजय कुमार, रामनरेश सिंह, पंकज कनौजिया, मिताली शुक्ला, निधि दुबे, डॉ अजय शर्मा, प्रद्युम्न कश्यप, डॉ संजय वर्मा, राजीव दुबे, डॉ मंजू यादव, अनुराग कुमार, श्यामवीर, संगम कुमारी, वंदना, विनोद कुमार राजकुमार, सुरेश कुमार, अनूप कुमार मौजूद रहे।

शिक्षक की हत्या के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक। अमृत विचार

सार-संक्षेप

प्रांशुदत्त को एक्स श्रेणी सुरक्षा मिलने पर जताया हर्ष

इटावा। सपा का गढ़ माने जाने वाले इटावा फर्रुखाबाद क्षेत्र की एमएलसी सीट पर फतह हासिल करने के बाद क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और जनता के बीच सतत संपर्क करते आ रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी को प्रदेश शासन द्वारा एक्स श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। उनके समर्थकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इटावा में उनसे जुड़े सहयोगी और समर्थकों में डॉ. जयेंद्र मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, नीरज तिवारी महिंद्रा, शैलेंद्र कुमार वर्मा, शिवेंद्र मिश्रा ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

सिलेंडर में लगी आग, पुलिस ने तालाब में फेंका

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीपरीपुरा शाला में घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में अचानक आग लगने के कारण कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सिलेंडर को एक तालाब में फेंक दिया। कोई हताहत नहीं हुआ। सोमवार की दोपहर में ग्राम शाला पीपरीपुरा निवासी सुरेन्द्र कुमार के घर में खाना बन रहा था। अचानक गैस सिलेन्डर में आग लग गई। महिला चिल्लाने लगी तो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। जिसकी सूचना थाना लवेदी पुलिस को दी। जिस पर थानाध्यक्ष सनत कुमार चौधरी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे तब तक ग्रामीणों ने जलते सिलेन्डर को एक पड़ोस में बने तालाब में फेंक दिया। लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में भाग लेते डॉ. रमाकांत, डॉ देवेंद्र एवं अखिलेश।

स्वयंसेवकों ने सामाजिक समस्याओं का किया अध्ययन

इटावा। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस लुहन्ना ग्राम में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए। प्रात: 9 बजे से घर घर जाकर, प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सामाजिक समस्याओं का गहन अध्ययन किया। उसके उपरांत अपने अपने ग्रुप लीडर के साथ संकलित आंकड़ों को कार्यक्रम संयोजक डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ आशीष कुमार एवं डॉ अखिलेश सिंह एवं पंकज कुमार के समक्ष प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए अनेक सुधारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पधारे हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रमाकांत राय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों और उद्देश्य को विस्तार से समझाया। उन्होंने भारतीय वांग्मय से विविध उदाहरण देकर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को काफी विस्तार से समझाया। उन्होंने स्वयंसेवकों का आवाह्न किया कि शिविर की स्मृतियों को सुरक्षित रखें। इसे कालजई बनाएं। उन्होंने स्वयंसेवकों के अनुभव सुने और उचित दिशानिर्देश प्रदान किया। इसी क्रम में हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एवम आर्ट्स से पधारे डॉक्टर युधिष्ठिर सिंह ने संबंधों एवम व्यवहारों पर गहराई से प्रकाश डाला।

प्रतियोगी परीक्षा : अंजली प्रथम व सुखवीर रहे द्वितीय

इटावा। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी मामन में किया गया। जिसमें क्षेत्र के 57 विद्यालयों से कक्षा 6 से 57, कक्षा 7 से 114 व कक्षा 8 से 171 कुल 342 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार कुल तीन चरणों में परीक्षा हुई, जिसमें अमथरी की अंजली ने पहला व समथर के सुखवीर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रारंभिक परीक्षा में 150 बच्चे उत्तीर्ण हुए। जिन्होंने मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग किया, जिसमें 100 बच्चे साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण हुए। जिसमे से प्रथम 10 बच्चों को मेडल एवं विज्ञान किट देकर सम्मानित किया गया। अमथरी की अंजली ने पहला, समथर के सुखवीर ने दूसरा, ताखा की रश्मि ने तीसरा, कुईता की गौरी ने चौथा, शालिनी ने पांचवा, केशोपुर की गौरी ने छठवां, चमरोआ की मोहिनी ने सातवां, ताखा की प्रतीक्षा ने आठवां, अमथरी की साधना ने नौंवा चमरौआ की पूजा ने दसवां स्थान प्राप्त किया। विज्ञान एआरपी अनिल दुबे, गणित एआरपी बीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव की देखरेख में परीक्षा संपंन हुई।

अंजली को शील्ड और प्रमाण पत्र देते बीईओ सर्वेश कुमार सिंह।

सर्व समाज मुसाफिर खाने में रोजा इफ्तार करते रोजेदार।

मुहिब्बाने हुसैन कमेटी ने कराया रोजा इफ्तार

इटावा। छह रमज़ान मुबारक को नगर में सर्व समाज मुसाफिर खाने में मुहिब्बाने हुसैन कमेटी की ओर से रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के काफी संख्या में रोज़ेदारों ने शामिल होकर रोज़ा इफ्तार किया। रोज़ा इफ्तार के बाद मस्जिद पंजाबीयान के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने नमाज़ अदा कराकर सभी के वास्ते दुआयें की। मुहिब्बाने हुसैन कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम कादरी ने बाद नमाज रोजेदारों को शाल ओढ़ाकर स्वागत भी किया। इस अवसर पर भारती मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शाहिद मंसूरी, हाजी अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी, नूरुद्दीन मंसूरी, ,डॉ शहाबुद्दीन, पूर्व प्रधान नासिर खां, गुड्डू वारसी, हाजी अज़ीम वारसी, हाजी रईस अहमद, वाई के शफी चिश्ती, मज़हर तौकीर, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद शुएब, इफ्तिखार मिर्ज़ा, मुन्ना अबरार, बन्ने मंसूरी, जमाल, असलम मंसूरी, नौमान आलम, शेख आफताब, ज़ैनुल आबदीन, शीबू तौकीर आदि मौजूद रहे।

जैन तीर्थ दमोह-कुंडलपुर रेल लिंक का निर्माण जल्द हो

इटावा। विश्व प्रसिद्ध कुंडलपुर जैन तीर्थ के लिए 20 वर्षो से लंबित 35 किमी की प्रस्तावित रेल लाइन के जल्द निर्माण के लिए विश्व जैन संगठन ने आचार्य पद प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व कार्यवाही की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप ने कहा कि वर्ष 2004 और 2011 के रेल बजट में दमोह कुंडलपुर रेल लिंक की घोषणा की गई थी लेकिन 20 वर्षो बाद भी कुछ नहीं हुआ। देश भर में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और मध्य प्रदेश सरकार से दमोह कुंडलपुर रेल लाइन निर्माण पर जल्द कार्यवाही की मांग की है। अप्रैल में पूज्य आचार्य श्री संघ में अगामी आचार्य पद के लिए विशाल महोत्सव के आयोजन से पूर्व रेल लिंक पर कार्यवाही समस्त जैन समाज के लिए हर्ष का विषय होगा।

पुण्यतिथि पर नमन | कमांडर के लोग बनवाएंगे इटावा और लुहिया में संग्रहालय, नायकों और वीरांगनाओं का इतिहास होगा संकलित

स्वतंत्रता सेनानी सरला भदौरिया के शौर्य को किया याद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। महात्मा गांधी के साबरमती व वर्धा आश्रम में रहकर एक दर्जन से अधिक बार स्वतंत्रता संग्राम में जेल यात्रायें करके सेनानी महिलाओं का नेतृत्व करने वाली प्रख्यात राज्यसभा सांसद रहीं सरला भदौरिया की 18वीं पुण्य तिथि पर ''कमाण्डर के लोग' नामक समूह ने बस स्टैण्ड के सामने स्थित उनके निवास और ग्राम लुहिया में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

बस स्टैंड स्थित आवास पर 'कमाण्डर के लोग' की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में सुधीन्द्र भदौरिया, खादिम अब्बास, जयचन्द्र भदौरिया व गणेश ज्ञानार्थी ने भविष्य में किये जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसके अनुसार लोहिया गैस वाली जगह पर स्वतंत्रता सेनानियों तथा सोशलिस्ट नायकों की स्मृति में संग्रहालय स्थापित किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर इसी तरह का संग्रहालय ग्राम लुहिया में दोनों सेनानियों की समाधि के पास बनाया जायेगा। आजादी के आन्दोलन से लाल सेना गठन और सोशलिस्ट आन्दोलनों में देश भर में कमाण्डर अर्जुन सिंह भदौरिया पूर्व सांसद के कदम-कदम पर संघर्ष की सहयात्री रहीं उनकी पत्नी सरला भदौरिया के पर प्रकाश डाला।

स्मृति पुस्तिका को प्रदर्शित करते सुधींद्र भदौरिया एवं डॉ. जयचंद्र भदौरिया व अन्य।

ग्राम लुहिया में आगन्तुकों ने सरला जी की स्मृति में आयोजित समारोह में दोनों को पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं खादिम अब्बास, सुल्तान सिंह, गणेश ज्ञानार्थी, शाह आलम, सुरेन्द्र तोमर, मनोज सविता, चन्द्रवीर चैहान, मो सलीम अंसारी, प्रेमचन्द, शिक्षक राजवीर आदि ने विश्वास व्यक्त किया कि सेनानियों, इमरजेंसी जेल यात्रियों की स्मृतियों को समर्पित कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

'कमाण्डर के लोग' के अध्यक्ष सुधीन्द्र भदौरिया व सचिव डा जयचन्द्र भदौरिया ने सभी अतिथियों का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सेनानियों के वंशज दिनेश सिंह, अहिबरन सिंह, जयवीर सिंह, रनवीर सिंह, दुर्विजय सिंह, महेश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

229 मत पाकर सत्येंद्र बने अध्यक्ष

नर्सिंग एसोसिएशन

संवाददाता सैफई, इटावा

- संजय शर्मा महामंत्री और अनमोल बने कोषाध्यक्ष

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में नर्सिंग एसोसिएशन के गुप्त मतदान में अध्यक्ष पद पर सत्येंद्र चौधरी, महामंत्री संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष अनमोल रतन चुने गए।

नर्सिंग एसोसिएशन के पहली बार मतदान के माध्यम से चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अनिल गोयल, उमेश सिसोदिया एवं सत्येंद्र चौधरी, महामंत्री पद पर संजय शर्मा, जितेन्द्र यादव, राघवेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष पद पर अनमोल रत्न, बीना कुमारी, अनिता भारती के बीच मुकाबला हुआ। सत्येंद्र चौधरी 229 मत प्राप्त कर अध्यक्ष चुने गए। अनिल गोयल को 97 और उमेश सिसोदिया को 93 मत मिले। महामंत्री पद पर संजय शर्मा को 210 मत, जितेंद्र यादव ने 114, राघवेंद्र गिरी को 92 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अनमोल रतन 254, बीना रानी 111, अनीता भारती को 51 मत मिले। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने सभी को धन्यवाद व्यदिया। महामंत्री संजय शर्मा ने कहा मरीज के हित के साथ नसिंग हित के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर गजेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र चौधरी, सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, महामंत्री संजय शर्मा व कोषाध्यक्ष अनमोल।

ब्रेक शू जाम, एक घंटे खड़ी रही मालगाड़ी

मेन लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण पीछे से आ रही दो मालगाड़ियों को आउटर पर रोका गया

आउटर पर खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

संवाददाता, कंचौसी (औरैया)

अमृत विचार। सोमवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे के बाद इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी के ब्रेक-शू जाम होने की जानकारी होते ही लोको पायलट ने मालगाड़ी को कंचौसी स्टेशन व रेलवे क्रॉसिंग के बीच रोक दिया। मेन लाइन पर मालगाड़ी खड़ी होने के कारण पीछे से आ रही दो माल गाड़ियों को आउटर पर रोका गया। लगभग एक घंटे तक चले मरम्मत के काम के बाद मालगाड़ी को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर मालगाड़ियों के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बना है। सोमवार को इटावा से कानपुर सेंट्रल आ रही मालगाड़ी के ब्रेक-शू जाम होने से दिक्कत महसूस होने पर लोको पायलट ने मालगाड़ी को मेन लाइन पर रोक दिया। साथ ही सतर्कता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस बीच पीछे से आ रही दो माल गाड़ियों को आउटर रोका गया।

इस घटना का असर यात्री ट्रेनों पर नहीं पड़ा। जानकारी होते ही न्यू कंचौसी से पहुंचे कैरिज एंड वैगन के कर्मचारियों ने एक दूसरे से सटे ब्रेक-शू को अलग करते हुए तकनीकी परीक्षण किया। इसके बाद गंतव्य को मालगाड़ी रवाना हो सकी। इसके साथ ही आउटर पर रोकी गई माल गाड़ियों को पास कराया जा सका। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने से मालगाड़ी खड़ी रही।

ब्लॉक के चलते आधा दर्जन एक्सप्रेस ट्रेनें रुकीं

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। दिल्ली हावड़ा रूट पर सोमवार दोपहर को फफूंद व पाता स्टेशन के बीच में ब्लॉक के चलते अछल्दा स्टेशन व घसारा व आउटर पर एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रही। जिससे यात्रियों को स्टेशन पर पानी, खाने जैसी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। इटावा से कानपुर की ओर जा रही 22308 हावड़ा बीकानेर एक्सप्रेस को 11 बजकर 45 मिनट पर स्टेशन पर रोका गया 30 मिनट बाद 12 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन को रवाना किया गया ।

उसके बाद लूपलाइन पर 12816 नंदन कानन एक्सप्रेस को 12 बजकर 35 मिनट पर रोकी गयी व 1 बजकर 7 मिनट पर रवाना किया व मेन लाइन पर 12312 कालका एक्सप्रेस को 12 बजकर 30 मिनट पर रोका गया व एक बजकर 12 मिनट पर रवाना किया गया। नॉर्थईस्ट एक्सप्रेस को अछल्दा स्टेशन के आउटर पर 30 मिनट रोका गया। उसके बाद भुवनेश्वर आनंद विहार एक्सप्रेस व सीमांचल एक्सप्रेस को घसारा स्टेशन पर रोका गया। लगभग डेढ़ बजे ब्लॉक हटने के बाद ट्रेनों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। ट्रेनें खड़ी होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्लॉक के चलते ट्रेनों को रोका गया था।

स्टेशन पर खड़ी ट्रेनें। अमृत विचार

फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

अछल्दा। रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार दोपहर रेलवे फाटक देर से खुलने के चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिसके चलते लगभग 35 मिनट तक लोगों को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ा। दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर दोपहर 01:05 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 35 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट दोपहर 1-40 मिनट पर खोला गया। वहीं जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी हुई।

भारत सरकार के युवा संगम फेस चार का हिस्सा बनीं नेहा कुशवाहा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। आईआईटी कानपुर व केंद्रीय विश्वविद्यालय कर्नाटक के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम युवा संगम फेस 4 के तहत उत्तर प्रदेश के कुल 33 छात्र-छात्राओं को दिनांक सात मार्च से 17 मार्च तक कर्नाटक प्रदेश का भ्रमण कराया गया। पूर्वजों की याद में पौधरोपण को एक मुहिम बना कर अब तक 3331 पौधों के दान और रोपण से अपनी पहचान बना चुकीं दिबियापुर निवासी नेहा कुशवाहा को भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने का अवसर मिला। पूरी यात्रा के दौरान आईआईटी कानपुर के 6 एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय कर्नाटक के 3 एस्कॉर्ट टीचर सहित 4 सीआरपीएफ के जवान साथ में रहे।

नेहा कुशवाहा ने अपनी यात्रा के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि युवा संगम कार्यक्रम के माध्यम से कर्नाटक राज्य को बहुत ही करीब देखा और उसके बारे में जाना। बिदरी कला में पारंगत पद्म श्री रशीद अहमद कादरी और राजभवन में कार्यरत् स्पेशल सेक्रेटरी से लेकर वहाँ के क्षेत्रीय लोगों, किसानों, छात्रों से परस्पर सम्पर्क हुआ जिनके बारे में जानकर बहुत ही अच्छा लगा। भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरु में मिट्टी के द्वारा कंक्रीट के प्रतिस्थापन का सतत् विकास से लेकर अंगूर की खेती को देखा। इसके साथ-साथ KRS डैम, आईआईएम बंगलुरु के साथ-साथ बंगलुरु में स्थित राजभवन व विधानसभा का भ्रमण किया नेहा ने कहा कि मुझे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर व वहाँ जाकर बहुत अच्छा लगा, बहुत खुशी हुई और नये अनुभव प्राप्त हुए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर, 2015 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच एक निरंतर और सुव्यवस्थित सांस्कृतिक जुड़ाव का विचार रखा था। इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए "एक भारत श्रेष्ठ भारत" को 31 अक्टूबर, 2016 को लॉन्च किया गया था। इसी के तहत शुरू किया गया युवा संगम कार्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2020 से प्रेरित है।

युवा संगम में प्रतिभाग करतीं नेहा कुशवाहा। अमृत विचार

- एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत किया कर्नाटक राज्य का भ्रमण

युवा संगम में होता है ऑनलाइन पंजीकरण

पिछले तीन चरणों में युवाओं की ओर से अच्छी भागीदारी देखी गई है और तीन चरणों में क्रमश: 16767, 21380 तथा 29151 पंजीकरण हुए थे। फेस चार के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 4 फरवरी, 2024 तक स्वीकार किए गए थे।

ससुराल जाने को घर से निकला युवक लापता

संवाददाता फफूंद, औरैया

अमृत विचार। फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवक अपनी ससुराल की कहकर घर से निकला था। लेकिन ससुराल नहीं पहुंचा और उसका मोबाइल भी बंद बता रहा है। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

गांव जैतपुर फफूंद निवासी 23 वर्षीय मनीष कुमार का अपनी पत्नी सपना से विवाद चल रहा है। विगत 12 मार्च को मनीष के पुत्र का जन्मदिन था, जिसको लेकर ससुराल से कोई फोन आया और मनीष ने अपने पिता को बताया और घर से ससुराल जाने की कहकर चला गया। जब दूसरे दिन वापस नहीं आया तो पिता ने फोन लगाया लेकिन फोन बंद जा रहा है। पिता ने ससुराल वालों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि मनीष हमारे आया ही नहीं। जिसके बाद में पिता ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नही चला पीड़ित पिता ब्रजेन्द्र पाल ने अनहोनी की आशंका जताते हुये रविवार को थाने में पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है, तलाश की जा रही है।

मनीष।

शिक्षक की हत्या के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,औरैया

- सिपाही द्वारा शिक्षक की गोली मारकर हत्या करने के मामले ने पकड़ा तूल
- मृतक के परिवार को मुआवजा और आश्रित को नौकरी देने की उठाई गई मांग

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने सोमवार को प्रदर्शन कर आवाज उठाते हुए कहा है कि वाराणसी से यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिका को लेकर आए एसडी इंटर कॉलेज के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की आरक्षी ने मामूली सी कहा सुनीं पर गोली मार कर हत्या कर दी। घटना से पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई। और तो और शिक्षकों में आक्रोश उत्पन्न हो गया ओर उन्होंने हर जिले में जमकर प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद औरैया के जिलाध्यक्ष ने मूल्यांकन केंद्र पर जाकर कड़ी निन्दा की और इस जघन्य हत्या कांड में सम्मिलित पुलिस कर्मी पर कठोरतम कार्यवाही की मांग की। प्रदेशीय संरक्षक प्रेम नारायण दुबे ने आरोपित पुलिस कर्मियों पर यदि कार्यवाही नही हुई तो गंभीर परिणाम की चेतावनी दी है। प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवम् प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन उपाध्याय ने कार्यवाही न होने पर जिले में मूल्यांकन बंद करने की धमकी दी है।

जिला मंत्री संतोष कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष आनन्द पाठक, आय व्यय निरीक्षक ऋषभ पांडे, संयुक्त मंत्री ब्रजेश मिश्रा, जिला संगठन मंत्री रामशरण मिश्रा एवं सैकड़ों की तादाद में शिक्षक मौजूद रहे। मुजफ्फर नगर एसडी कॉलेज के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार के परिवार को न्याय दिलाया जाए और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा दिलाया जाए। आरोपित आरक्षी की गिरफ्तारी हो और कठोर सजा दी जाए। मृतक आश्रित को तत्काल नौकरी दी जाए।

प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

मदद को आगे रहता है राइजिंग क्वींस जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- राइजिंग क्वींस जायंट्स ऑफ दिबियापुर की अध्यक्ष सपना गुप्ता ने की प्रेसवार्ता

अमृत विचार। राइजिंग क्वींस जायंट्स ऑफ़ दिबियापुर की अध्यक्षा सपना गुप्ता ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने बताया कि हमारा ग्रुप राइजिंग क्वींस जायंट्स ऑफ़ दिबियापुर एक धार्मिक संस्था है, संस्था गरीब असहाय बीमार लोगों की मदद,अनाथ बच्चों की शिक्षा में मदद, कापी किताबें और स्कूल ड्रेस आदि में सहयोग, असहाय लोगों को भोजन आदि की व्यवस्था, मरीजों को दवाई ,खाना, कपड़े, फल आदि में सहयोग रहता है ,उन्होंने बताया कि समय समय पर गरीब लोगों की शादी विवाह में सहयोग भी हम सब पदाधिकारी करते है । प्रेस वार्ता के दौरान यूनिट डायरेक्टर प्रीती पोरवाल, डायरेक्टर अपर्णा सिंह, फेडरेशन ऑफीसर रितु चंदेरिया, वायस प्रेसीडेंट नीता जैन व सपना शर्मा, डीओए नन्दनी पोरवाल, डीओएफ रेनू जैन व सदस्य रजनी पोरवाल, गीतिका त्रिपाठी, ज्योत्सना रानी प्रधान, नन्दिनी सेंगर, मीनाक्षी पोरवाल, किमी पोरवाल, पूनम पोरवाल, मोनिका गुप्ता, संजू जैन, नीलम पोरवाल, शिखा आदि रहीं।

शांति व सौहार्दपूर्वक मनाएं त्योहार

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। सोमवार को डीएम नेहा प्रकाश एवं एसपी चारू निगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार ककोर में आगामी त्योहार (होली, रमजान) के दृष्टिगत मुस्लिम व हिन्दू समुदाय के लोगों, विभिन्न मन्दिरों के पुजारियों, व्यापार मण्डल के सदस्यों अन्य संभ्रान्त लोगों के साथ बैठक की गई, जिसमे शान्ति-सौहार्द एवं चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा देते हुए,आपसी भाई चारे के साथ आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने की अपील की गई।

जुलूस एवं रैली बिना परमीशन के न निकालें तथा अधिकारियों द्वारा बिजली विभाग, जल संस्थान, नगर पलिका ईओ को निर्देश दिये गये कि आगामी त्यौहारो से पहने व्यवस्थायें समय से पूर्ण कर ली जाये तथा पीस कमेटी में आये लोगो से वार्ता की गयी तथा समस्याओं को सुनकर संबन्धित को निस्तारण करने के लिए आदेशित किया गया। सभी को उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक औरैया, समस्त उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

बैठक करतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम। अमृत विचार

झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी जलकर हुई राख

संवाददाता कंचौसी,औरैया

- लेखपाल ने कहा कि आकलन कर रिपोर्ट भेजी जाएगी

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के गांव रंजीतपुर में सोमवार शाम को अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

गांव निवासी श्याम सिंह पुत्र रामनाथ अपने परिवारजनों के साथ खेतो मे सिंचाई कर रहे थे। ग्रामीणों ने आग लगने की जानकारी खेतों पर पीड़ित को दी। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया झोपड़ी के ऊपर पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की विकराल रूप धारण कर लिया। गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए और बाल्टी से पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, आधे घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक बहुत देर हो चुकी थी आग मे घरेलू सामान, ओढ़ने बिछाने के कपड़े, अनाज आदि जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल पवन दीक्षित ने बताया नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी।

प्रमोद बने सपा विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। सोमवार को उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी कार्यालय से निर्गत प्रदेश विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की लिस्ट में जैसे ही नाम जनपद औरैया के पूर्व एडीसी एवं अधिवक्ता प्रमोद यादव का आया वैसे ही अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

नव नियुक्त जिलाअध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ प्रमोद का उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। वहीं इस मौके पर डीबी की चुनी गई कनिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चौधरी का भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य पांचू राम मौर्य ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ शुक्ला,अशोक अवस्थी, देवेंद्र त्रिपाठी,पूर्व अध्यक्ष सुनील दुबे,पूर्व महामंत्री अरुण त्रिवेदी, अभिषेक शुक्ला, अनूप चौबे, अनूप श्रीवास्तव,नितिन अवस्थी, सहाबुद्दीन आलम, आशीष राणा,सर्वेश यादव,रामशरण पोरवाल, राकेश सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, हरिशंकर शर्मा, प्रवक्ता कमलेश कुमार पोरवाल, शिवम शर्मा,भानु पाठक,सीपू शुक्ला, अरुण अवस्थी, रंजन त्रिपाठी, बृजेंद्र यादव सहित सैकड़ो अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

अध्यक्ष बनने पर बधाई देते अधिवक्ता। अमृत विचार

धर्म-अध्यात्म

भागवत कथा सुनने को श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़, आरती के बाद वितरित किया गया प्रसाद

श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता प्रेरणादायक : केशवम

संवाददाता बिधूना औरैया

अमृत विचार। पुर्वा छनन रामगढ़ के द्विवेदी फार्म हाउस पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सोमवार को औरैया के भागवताचार्य केशवम अवस्थी ने कहा कि इस कलयुग में यज्ञ तप कठिन तपस्या करने की आवश्यकता नहीं है सिर्फ हरि के नाम का स्मरण ही मानव कल्याण के लिए पर्याप्त साधन है।

भगवताचार्य पंडित केशवम अवस्थी ने कहा कि कृष्ण सुदामा की मित्रता एक उदाहरण है इससे सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। आपत्ति काल में काम आने वाला ही सच्चा मित्र होता है मित्र को कभी छल कपट नहीं करना चाहिए मित्र के साथ छल कपट करने पर पाप भोगना पड़ता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण सुदामा साथ पढ़ते थे एक दिन गुरु के लिए जंगल से लकड़ी लेने गए उन्होंने अपने मित्र श्रीकृष्ण के हिस्से के चावल स्वयं चुपचाप खा लिए। सुदामा द्वारा कपट किए जाने से सुदामा के घर में दरिद्रता आ गई जिस पर सुदामा की पत्नी सुशीला ने अपने मित्र द्वारकाधीश के पास जाने का आग्रह किया जिस पर सुदामा अपने मित्र से मिलने द्वारिकापुरी पहुंचे और महल के द्वार पर अपने पुराने मित्र सुदामा के आने की खबर सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण भाव विभोर होकर अपने मित्र सुदामा से मिलने नंगें पांव दौड़ पड़े और सुदामा को गले लगाकर और बाद में उन्हें सुदामा पुरी का राजा बना दिया।

भगवताचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराणों में सर्वश्रेष्ठ है और इस कलयुग में इसके श्रवण मात्र से मानव का कल्याण संभव हो जाता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता गुरु की सेवा और सत्संग ही ईश्वर की भक्ति है मानव को अपना लोक परलोक सुधारने के लिए सदैव ईश्वर का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि मानव योनी बहुत पुण्यों से हासिल होती है। इस कथा के समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक परीक्षित राजू दुबे पूर्व प्रधान,साधना दुबे, विकास दुबे, मिक्की दुबे, निक्की दुबे,गौरव सिंह, सत्यम तिवारी,छोटू, सनी, हिमांशु सिंह, अभिषेक तिवारी, बलभद्र द्विवेदी, शिवांशु द्विवेदी, आदि प्रमुख लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रोतागण मौजूद थे।

भगवताचार्य केशवम अवस्थी।

कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं श्रद्धालु महिलाएं। अमृत विचार

कलयुग के आगमन की कथा सुनाई

फफूंद। भाग्यनगर गांव में ब्लाक के पास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को श्रीधाम वृंदावन से आये भागवत आचार्य पंडित सुदीप कृष्ण देव महाराज ने राजा परीक्षित को श्राप व कलयुग के आगमन की संगीतमय कथा को विस्तार पूर्वक सुनाया। महाराज ने कहा कि कलयुग के आगमन होते ही राजा परीक्षित की बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी। श्रृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि जिस तरह तुमने एक ऋषि के गले मे मृत सर्प डाला है। यही सर्प आज से सातवें दिन तुम्हें डस लेगा और तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। कथा को सुनने के लिए पूरा पांडाल खचाखच भरा रहा। इस मौके परीक्षित राजरानी पत्नी यसवंत सिह भागवत कथा सुनने के लिए क्षेत्र के लोगो से आग्रह किया।

गोवर्धन प्रसंग की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर

कंचौसी। क्षेत्र के जमौली गांव में बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर गुरुवार को शुरू हुई 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अयोजित कार्यक्रम के पांचवे दिन श्रीमद् भागवत कथा व्यास साध्वी संगीता कृष्णप्रिय ने श्रोताओं को भागवत कथा में गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया।

कथा में गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा विस्तार पूर्वक सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास साध्वी संगीता कृष्ण प्रिय ने कहा कि जहां सत्य व भक्ति का समन्वय होता है। वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। आज इंसान घमंड में भगवान को भूलता जा रहा है। इस कारण प्राणी चिता में डूबा हुआ है। भगवान की कृपा तब होती है जब जीव अपना कर्म करके भगवान पर छोड़ देता है। सारी दुनिया का पालन-पोषण भगवान कर रहे हैं। भगवान को अपने भक्त का इंतजार रहता है। हमें शास्त्र के अनुसार चलना चाहिए।

- साध्वी संगीता ने भक्तों को सुनाई श्रीकृष्ण की लीला

आज गलत खानपान के कारण ही लोगों की सेहत खराब हो रही है। हिंदू धर्म का प्रमाण उसके शास्त्र हैं, जो कि भगवान का प्रमाण देते हैं। संगीता कृष्ण प्रिय ने कृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र देव के कोप से गोकुल वासियों की रक्षा की थी।

आरती के बाद सबको प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर परिक्षित सुरेन्द्र कुशवाहा,साधना आयोजक देवेंद्र सिंह कुशवाह दीप्ति कुशवाह और दशरथ सिंह,अरविन्द कुमार, जगदीश गुप्ता, आदित्य, आर्यन,महेश कुशवाह,शिव प्रसाद सोनवीर मलखान,सर्वेश,मनीष कुशवाह, भानु, मोहित, प्रदीप, सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

घर में घुस कर की मारपीट, घायल

अछल्दा। थाना क्षेत्र के गौतला गांव निवासिनी ने सावित्री देवी पत्नी अनिल कुमार दोहरे ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते 12 मार्च को गांव के अंकुश, अनुरुद्ध, अरविन्द, देवेन्द्र व सौरभ शराब के नशे में प्रार्थिनी के घर में घुस आये और प्रार्थिनी को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए बोले कि साली तेरा लड़का सूरज बहुत बड़ा नेता बनता है आज साले को जिन्दा नही छोड़ेंगे कहकर प्रार्थिनी की लात घूसों से मारपीट की तथा विपक्षी अंकुश ने तमंचा निकालकर प्रार्थिनी को डराने धमकाने लगा। प्रार्थिनी की चीख पुकार सुनकर गांव के शिवपाल प्रधान व दिनेश पुत्र रामस्वरूप, चन्द्र भान आदि लोग आ गये जिन्होने घटना देखी तथा प्रार्थिनी को बचाया प्रार्थिनी ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुयी। वहीं 14 मार्च को विपक्षीगणो ने पुनः प्रार्थिनी के घर मे ईट पत्थर फेंके तथा घर के बाहर रखा सामान तोड़फोड़ दिया।

धर्म दर्शन

रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।

अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।

मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

सत्य के प्रेरक सवितादेव

हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

प्रदेश

हाई कोर्ट ने खारिज की जौहर विश्वविद्यालय की याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था।

फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पत्ता रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।

सुनवाई

▸▸ विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के सरकार के फैसले को दी थी चुनौती

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया।

हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद्द करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

मस्जिद में संदिग्ध युवक के पास मिले 12 सिम कार्ड

सहारनपुर, एजेंसी

▸▸ युवक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के सरसावा में एक मस्जिद में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके पास से 12 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि वह बोल नहीं पता है। उसने सिर्फ कागज पर लिखकर बताया कि वह हरियाणा के जनपद अंबाला का रहने वाला है।

सोमवार दोपहर मोहल्ला मिर्धान स्थित मरकज वाली मस्जिद में इबादत कर रहे कारी नईम, अब्दुल अहाद, शमशेर को मस्जिद में एक संदिग्ध युवक को दिखाई दिया। उसकी हरकत देखकर इन लोगों को शक हुआ और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर सभासद अय्यूब अंसारी भी पहुंच गए। कारी नईम और अब्दुल अहाद ने बताया कि युवक देखने में मुस्लिम समाज से लग रहा है, लेकिन उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। युवक ने मस्जिद में चंदा भी मांगा। उन्होंने पहचान के लिए युवक से आधार कार्ड मांगा तो वो कुछ नहीं दिखा पाया। शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 12 सिम और एक कॉपी के पन्ने पर कुछ शहरों के नाम लिखे हुए मिले। इसके अलावा सब्जी काटने के दो चाकू, टॉर्च, कुछ रुपये और कपड़े भी मिले। आरोपी के पास से बरेली निवासी एक बच्चे का आधार कार्ड भी मिला। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी शुरुआत में बोल रहा था, लेकिन भीड़ एकत्र होने पर गूंगा होने का नाटक करने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई, जिससे पुलिस ने पूछताछ की तो उसने एक कागज लिखकर सिर्फ इतना बताया कि वह अंबाला का रहने वाला है, लेकिन अपना नाम और पता नहीं बताया।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जांच में सामने आया है कि युवक बोल नहीं पाता है। उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं लग रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

वर्ग पहेली-14

बाएं से दाएं

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

ऊपर से नीचे

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. श्रृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।



वर्ग पहेली -13 का हल

			1 हा		2 गुं	
	3 मु	बा	र	क	बा	दी
	है		मो			
4 जा	या		5 नि	6 ह	त	
ने		7 जि	य	रा		8 छि
जाँ			9 म	र	जि	या
	10 हे	ट		त		सी

सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		2		9				8
	7				1	5		2
8			7				3	
3		9		6				4
			2			7	9	
2		7		5				
7				3		2		
	2		1		9		5	6
		6				3		

सुडोकू -92 का हल

4	8	5	2	7	9	6	1	3
9	6	2	4	1	3	5	8	7
1	7	3	8	5	6	4	2	9
5	1	4	3	2	7	8	9	6
2	3	6	9	4	8	1	7	5
7	9	8	5	6	1	3	4	2
3	5	1	7	8	2	9	6	4
6	2	9	1	3	4	7	5	8
8	4	7	6	9	5	2	3	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 20 मार्च 00 .21 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .10 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

वृष — आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

मिथुन — आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वंचित कर सकता है।

कर्क — आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

सिंह — आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

कन्या — आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

तुला — आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

वृश्चिक — आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

धनु — आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

मकर — आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

कुंभ — आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 07 .49
मजाल — रात : 07 .00

SONY MAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10 .39
चेहरे — शाम : 06 .59

SONY PIX
बुलेट ट्रेन — सुबह : 11 .11
द मास्क — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10 .30
रॉक ऑन टू — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
आ देखें जरा — सुबह : 08 .49
कुंवारा — रात : 06 .59

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर सुबह : 10 .39 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

चुनावी तीर

रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

मायावती, बसपा सुप्रीमो

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?

-तेजस्वी यादव, राष्ट्रीय जनता दल

मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

- अशोक चव्हाण, राज्यसभा सदस्य, भाजपा

अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



● अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला
- पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका

राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार

तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)

वर्ष	कांग्रेस	भाजपा	बसपा
2009	42.63	30.90	19.03
2014	31.96	57.81	5.38
2019	34.41	61.35	2.36

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।

स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।

दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- 2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा



भाजपा का रिपोर्ट कार्ड

129	0
कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में	केरल

25	4	0	0
कर्नाटक	तेलंगाना	तमिलनाडु	आंध्र प्रदेश

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।

बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

40 से उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति भी अयोध्या में लेती आई है सियासी अंगड़ाई

1957 से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

अमृत विचार : वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई। वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,748.42	22,055.70
बढ़त	104.99	32.35
प्रतिशत में	0.14	0.15

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 19 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800-5900
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12200-12300
चनादाल	7100-7200
मटरदाल	4950-5050
मसूरमलका	7000-7100
मसूरदाल	7100-7200
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	4900-4950
अलसी	4500-4600 रुपये।

तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनी नहीं कर पाईं आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे

अमृत विचार : प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाई हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों: एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

> कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।
>
> **-उमा शंकर सिंह, उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।**

राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक-दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

मुंबई। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,100
गिन्नी (प्रति नग)	50,000-50,250

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	65,500
सोना जेवरात गिन्नी	64,500
चांदी पक्की	738 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	75,000।

चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

अडाणी की कंपनी की एलपीएस मांग को न्यायालय ने नकारा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) से विलंबित भुगतान अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग करने वाली अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जेवीवीएनएल राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनी है। अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) ने जेवीवीएनएल से देरी से भुगतान पर अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये की मांग रखी थी।

स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा

सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

राष्ट्रीय

शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया

कोयंबटूर। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

नई दिल्ली। मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

पटियाला में परीक्षा के अंतिम दिन होली खेलते स्कूली बच्चे। ● एजेंसी

एक नजर

राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

जयपुर। दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

नकली दवाओं के मामले में ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 10 स्थानों पर छापे मारे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैंसर की नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाले गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने कुल 10 स्थानों पर छापे मारे और दो स्थानों से लगभग 65 लाख रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कैंसर और कीमोथेरेपी दवाओं के उत्पादन और उनकी दिल्ली-एनसीआर के कुछ अस्पतालों में बिक्री में कथित रूप से शामिल एक संगठित आपराधिक गिरोह की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का मामला दर्ज किया।

बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामला

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए।

दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। पीठ के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूछा है कि आप इस मामले में अनुच्छेद 32 (संविधान के प्रावधानों में से एक जो मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है) के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं?

विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना

गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।

भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

सतीश महाना।

अजय कपूर।

- उप्र के विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

अमृत विचार: कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्री प्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा और मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं।सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है।कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. इकबाल सिंह लालपुरा व डा. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार विमर्श करेंगे।

लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर

जम्मू, एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।

पीटीआई के गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच की मांग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर ने सोमवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पार्टी के कथित गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच करने का आग्रह किया।

पत्र में अकबर ने वर्षों पुराने प्रतिबंधित फंडिंग मामले का जिक्र किया। इस मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने फैसला सुनाया था कि पीटीआई को विदेश से प्रतिबंधित धन मिला। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी भेजी गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पीटीआई के विदेशी फंडिंग मामले पर 20 महीने पहले फैसला आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)

उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।



गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा

ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

एक नजर

श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

अमेरिका की ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में डिनर कराएगी

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी अगले साल से लोगों को अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव कराएगी। 6 घंटे की इस हाई-टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें समुद्र तल से 30 किलोमीटर ऊपर ले जाया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत 4.10 करोड़ होगी। कंपनी ने इस यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर भी कर लिया है।

ब्रिटेन में आम चुनाव को लेकर सुनक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

लंदन। ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वे मई में आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुनक ने गुरुवार को मई की शुरुआत में आम चुनाव कराने के लिए मना किया था। सुनक के फैसले के लिखाफ लोगों ने सुनका का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

अमृतसर। अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई

व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

चुनाव वोटिंग

1991	74.6%
1996	69%
2000	68.6%
2004	64.3%
2008	69.7%
2012	65.2%
2018	67.5%
2024	73%

दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।

प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी

आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

विश्लेषकों ने कहा कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए।

भूमि के नीचे लैब...



बीजिंग : चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

जागरेब, एजेंसी। दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है। फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

इजराइली सेना का अल शिफा अस्पताल पर हमला, इमारत ढही

गाजा, एजेंसी

- आतंकियों के छिपे होने का दावा आईडीएफ ने आत्मसमर्पण करने का किया आह्वान

इजराइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इजराइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इजराइली रक्षा बल(आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया।

हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है। आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इजराइल के खिलाफ एक ओर हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इजराइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं।

विज्ञान कल से शुरू होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है

उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें। उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।



दिन - रात समय चक्र का चित्र।

दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी, वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को प्रकाशित हुआ। 3.4 करोड़ आवेदकों में से 19 लाख को बाहर कर दिया गया।